# गोवर्धन की पूजा कर मांगी परिवार की सुख-समृद्धि

## घरों और मंदिरों में पूजन के लिए महिलाओं ने गाय के गोबर से बनाई गोवर्धन की आकृतियां

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** दिवाली से जुड़े त्योहारों की लंबी श्रृंखला में शनिवार को गोवर्धन पूजा की गई। महिलाओं ने पारंपरिक ढंग से घरों में गाय के गोबर से गोवर्धन की आकृति बनाकर विधि-विधान से पूजन किया और गिरिराज भगवान श्रीकृष्ण से परिवार की सुख-समृद्धता का आशीष लिया। वहीं, मंदिरों में महिलाओं ने सामूहिक रूप से गोवर्धन पूजा की। पुजारियों ने त्योहार से संबंधित कथा सुनाई।

महिलाओं ने त्योहार पर उपवास रखकर गाय के गोबर से आंगन में गोवर्धन की आकृति बनाकर उसे वर्षा के रूप में सीकों से आच्छादित किया। रुई, खील-खिलौने, फल, मिष्ठान आदि से पूजन कर श्रीकृष्ण की आरती की और परिवार की सुख-संपन्नता की कामना की।

उधर, श्रीकृष्णा नगर मंदिर में दोपहर बाद मोहल्ले की तमाम महिलाओं ने सामूहिक रूप से गोवर्धन की पूजा की। कमेटी की ओर से मंदिर परिसर में गाय के गोबर से भगवान श्रीकृष्ण की गोवर्धन पर्वत उठाए भव्य रंगोली सजाई गई। मंदिर के पुजारी पंडित अखिलेश शास्त्री ने विधि-विधान से पूजन कराकर त्योहार से जुड़ी कथा सुनाई। इसके बाद महिलाओं ने गोवर्धन की परिक्रमा करते हुए उनका आशीष लिया और दक्षिणा अर्पित की। मंदिर की ओर से सभी महिलाओं के लिए प्रसाद स्वरूप भंडारे का भी आयोजन किया गया था, जिसमें प्रसाद ग्रहण कर सभी उपवास का पारायण किया। व्यवस्था में मंदिर के उप प्रधान हरीश बजाज, जसविंदर सिंह जस्सू, अनिल कक्कड़, दीप गुप्ता, देवेंद्र खुराना, संजीव सचदेव, संजीव अरोड़ा, सुनीता कक्कड़, रोजी खुराना, सुनीता कक्कड़, अंबिका सचदेवा, अनीता सक्सेना, दुर्गा अरोरा आदि का योगदान रहा।


घर में गोवर्धन की पूजा करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार


मोहल्ला चौक में एक घर में गोर्वधन पूजा करती महिलाएं। ● अमृत विचार

- उपवास रखकर महिलाओं ने गिरिराज का लिया आशीष
- श्री कृष्णा नगर में महिलाओं ने किया सामूहिक पूजन
- गोवर्धन की परिक्रमा कर भंडारे में छका प्रसाद

### पर्वत उठा श्रीकृष्ण ने चूर किया था इंद्र का अभिमान

गोवर्धन पर्व मुख्य रूप से भगवान इंद्र से जुड़ा हुआ है। शास्त्रों के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्र का अभिमान चूर करने के लिए ही गोवर्धन पर्वत एक उंगली पर उठाकर पूरे गोकुल की रक्षा की थी। साथ ही लोगों को संदेश दिया था कि वह बिना किसी भय के प्रकृति की पूजा करें। तभी से गोवर्धन पूजा शुरू हुई।


श्री कृष्णा नगर मंदिर में सामूहिक रूप से गोवर्धन की पूजा करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार


भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

## एक नजर

### महिला का आरोप, मारा पीटा और कपड़े फाड़ दिए

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चौक कोतवाली की एक कॉलोनी की एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि शुक्रवार को दिन में एक बजे पड़ोसी अवरार, रिजवान, इमरान, फातिमा घर में घुस आए और उसके पति पर जानलेवा हमला कर दिया। महिला का आरोप है कि आरोपियों ने उसके कपड़े फाड़ दिए। मंगल सूत्र व नाक की कील मारपीट में गिर गयी। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जाता है। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

### सात उप निरीक्षकों की हुई पदोन्नति

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एसपी राजेश एस ने बताया कि रोजा थाना में तैनात उप निरीक्षक प्रवीन कुमार, खुटार थाना में तैनात उप निरीक्षक जुगल किशोर, सेहरामऊ दक्षिणी थाना में तैनात उप निरीक्षक राजेंद्र कुमार, कलान थाना में तैनात उप निरीक्षक अवधेश कुमार सिंह, परौर थाना में तैनात उप निरीक्षक राजीव कुमार, उप निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह व उप निरीक्षक हरकेश सिंह की निरीक्षक पद पर पदोन्नति की गयी।

### कलान में 4 से 17 नवंबर तक चलेगा मेला

**कलान, अमृत विचार :** नगर में आयोजित होने वाला प्राचीन मेला श्री रामलीला मेला 4 नवंबर से 17 नवंबर तक चलेगा। 17 नवंबर को दिन में ही रावण दहन, रात में राम का राज्याभिषेक आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी मेला कमेटी के अध्यक्ष चमन बाबू गुप्ता ने दी।

### दो वांछित गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** निगोही थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि रामवीर निवासी भुंडी थाना निगोही आरोपी रोहित व जितेंद्र निवासी भुंडी थाना निगोही के खिलाफ मारपीट और जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज कराया था। शनिवार को गांगेपुर रोड से पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। टीम में उप निरीक्षक राजेश सिंह, आदित्य कनौजिया, सिपाही अंकित कुमार थे।

## युवा उद्यमी को मिलेगा पांच लाख का ऋण, नहीं देना होगा ब्याज

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



- ऋण अदायगी के बाद दोबारा बिना ब्याज के ले सकेंगे 10 लाख का लोन
- मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना को गति देने के लिए बनी टीम

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना को अमलीजामा पहनाए जाने के लिए डीएम ने जिला स्तर पर कमेटी गठित कर दी है। कमेटी में सीडीओ उपाध्यक्ष, उपायुक्त उद्योग सदस्य/सचिव सहित अन्य अधिकारी रखे गए हैं।

युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत उन युवाओं को वरीयता दी जाएगी, जिन्होंने आईटीआई, कौशल विकास से प्रशिक्षण, विश्वकर्मा, ओडीओपी सहित अन्य गवर्नमेंट योजनाओं से प्रशिक्षण प्राप्त कर रखा हो। योजना की सबसे खास बात यह है कि इसमें युवाओं को अपना स्वरोजगार स्थापित करने को बगैर ब्याज के लिए ऋण सरकार द्वारा प्रदान किया जाएगा। पहली बार आवेदन करने पर 5 लाख रुपये दिए जाएंगे, जिसके बाद जब ऋण आवेदक जमा कर देगा तो दूसरी बार 10 लाख रुपए तक का ऋण दिया जाएगा।

इनमें से कोई ब्याज नहीं लिया जाएगा। पूरी यूपी में एक लाख युवाओं को पहले चरण में ऋण देने का लक्ष्य रखा गया है। जनपद में भी लगभग एक हजार युवाओं को योजना से लाभान्वित किया जाएगा। योजना के लिए जल्द ही विभागीय पोर्टल पर आवेदन शुरू होंगे। योजना का लाभ पाने को कम से कम आठवीं पास होना अनिवार्य है। उम्र सीमा 18-40 वर्ष रखी गई है।

## मिलावटखोरी रोकने को आठ दिन चला अभियान

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** भाई दूज पर्व पर बाजार में मिलावटी खाद्य पदार्थों की रोकथाम को लेकर कार्रवाई की गई। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की ओर से 22 से 30 अक्टूबर तक जनपद में छापेमारी की गई । जोकि विभिन्न थाना क्षेत्र के अंतर्गत फूड इंस्पेक्टर के नेतृत्व में चला। अभियान में कुल 37 नमूना भरे गये। जिनको जांच को लखनऊ लैब जिला मुख्यालय द्वारा भेज दिया गया है। इन नमूनों में सबसे ज्यादा 11 खोया के नमूना भरे गये। पनीर के 4, नमकीन के 2,पान मसाला 2, बूंदी लड्डू 1, बर्फी 1, पेटीज 1, मैदा 1, घी 1, लो फैट क्रीम 1, केसर बटी 1, स्नैक्स सॉस 1,चाय पत्ती का 1 नमूना भरा गया। अभियान में सबसे बड़ी कार्रवाई पुवायां के कसभरा अस्तल में 250 किलोग्राम खोया नष्ट कराने की गई। जिसके बाद मिलावट करने वालों में छापेमारी का डर सताने लगा। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय चंद्र शेखर मिश्रा ने बताया कि अभियान जारी रहेगा।

## हुतात्माओं की याद में किया 42 यूनिट रक्त दान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** बजरंगदल ने 2 नवंबर 1990 को अयोध्या में कारसेवा के दौरान हुतात्मा हुए कारसेवकों की याद में शनिवार को रक्तदान शिविर लगाया। इससे पहले कार्यकर्ताओं ने कारसेवकों को याद करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

दो नवंबर को अयोध्या में तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा कारसेवकों को कारसेवा से रोकने के लिए गोलियां चलवा दी थीं, इस गोली कांड में शहीद होने वाले कारसेवकों की याद में बजरंगदल हुतात्मा दिवस मनाता है। इसी कड़ी में जिला अस्पताल रक्तदान कैंप लगाया गया, जिसका आरंभ एसडीएम सदर ज्ञानेंद्र नाथ, सीओ ट्रैफिक ज्योति यादव, बजरंग दल के प्रांत मंत्री अनुज सिंह, सीएमएस डॉ. नेपाल सिंह, वरिष्ठ चिकित्सक एमपी गंगवार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शिविर में कुल 42 यूनिट रक्त दान किया गया। इस अवसर पर महानगर मंत्री अशनील सिंह, सह मंत्री धर्मेंद्र सिंह, प्रदीप प्रजापति, महानगर संयोजक अंकित मिश्रा, सहसंयोजक हर्षित गुप्ता, राहुल कनौजिया, जिला मंत्री दीपक शुक्ला, सुधीर सिंह अजीत सिंह, रमेश कोरी, अनिल वर्मा, प्रीति शुक्ला, ऋषभ गुप्ता, ऋतुराज भारद्वाज, आशीष शर्मा, हरीष प्रजापति, अनुभव गुप्ता, आजाद सिंह, विशाल मिश्रा, कुणाल राठौर, रणधीर सिंह कार्यकर्ता मौजूद रहे।



जिला अस्पताल में रक्तदान करती महिला। साथ में एसडीएम सदर ज्ञानेंद्र नाथ और सीओ ट्रैफिक ज्योति यादव।

- बजरंग दल ने जिला अस्पताल में लगाया रक्तदान शिविर

### निहत्थे कारसेवकों पर चलवा दी गई थी गोलियां

इस मौके पर प्रांत मंत्री अनुज सिंह ने कहा कि 2 नवंबर 1990 को निहत्थे कारसेवकों पर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री ने गोलियां चलवा दी गई थी। इस जघन्य कांड में हजारों कारसेवक हुतात्मा हुए। उन्हीं की याद में हर वर्ष बजरंग दल के कार्यकर्ता रक्तदान करते हैं। शिविर में रक्तदान करने को युवा उमड़ पड़े, जिसमें महिलाएं भी शामिल थीं।

## गोपाष्टमी पर पूजन कर गोवंश का किया श्रृंगार


गोशाला में गो-पूजन करते सीवीओ डॉ. मनोज अग्रवाल।


गोशाला में गोप पूजन करती ईओ नूरजहां। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** सरकार के दिशा निर्देश पर जिले की गोशालाओं में प्रशासनिक अधिकारियों, पशु पालन विभाग की ओर से गो-पूजन किया गया। सीवीओ डॉ. मनोज कुमार अग्रवाल ने ददरौल के घूरखेड़ा व शाहबाजनगर गोशाला में गो-पूजन कर गाय को गुड़-चना व हरा चारा खिलाया। साथ ही सड़कों, बाजारों में निराश्रित गोवंश पशुओं के संरक्षण को पशुपालन विभाग ने अभियान चलाया। सीवीओ के निर्देशन पर गोशालाओं में केयर टेकरों की ओर से भी गोशाला में विशेष साफ सफाई व पशुओं की सेवा कर हरा चारा की उपलब्धा कराई गई।

कांट। गोपाष्टमी का पर्व नगर में शनिवार को श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। नगर पंचायत कांट की अधिशासी अधिकारी नूरजहां ने नगर के कमलनैनपुर स्थित अस्थाई गोशाला में गोवंश की पूजा-अर्चना की, साथ ही लोगों ने गौ-माता की सेवा करने का संकल्प लिया। मान्यता है कि गो-माता की सेवा मात्र से सभी देव प्रसन्न होने के साथ गृह-नक्षत्र भी शुभ फल प्रदान करते हैं। इस मौके पर भाजपा नेता संतोष दीक्षित ,नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रईस मियां, गोशाला अध्यक्ष अमरदीप शुक्ला, सभासद धीरज अवस्थी, रामलड़ैते, गिरीश मिश्रा, मुनीश उपस्थित रहे।

## पिता-पुत्र सहित चार के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट

**निगोही, अमृत विचार :** गांव पिपरिया उदयभानपुर निवासी अनिल ने लखीमपुर खीरी के महोली के गांव चढरा महोली निवासी अहिबरन और उसके दो बेटों वीरेंद्र व अंकित, प्रदीप पुत्र रामचंद्र के खिलाफ मारपीट गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी दिए जाने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पीड़ित ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि आरोपियों ने उसके परिवार के साथ 31 अक्टूबर की दोपहर 2:30 बजे गाली-गलौज करनी शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में उसकी बहन रेनू को काफी चोटें आईं। तहरीर के आधार पर निगोही पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच उपनिरीक्षक अंकित कुमार को सौंपी है।

## साहित्यिक गतिविधियों में कमी पर जताई चिंता

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- अल मुश्किल कुशा सोसायटी की बैठक में लिया गया साहित्यिक कार्यक्रम कराने का निर्णय

**अमृत विचार :** अल मुश्किल कुशा नेशनल सोसाइटी की मोहल्ला मामूड़ी स्थित सोसायटी सभागार में शनिवार को हुई बैठक में उर्दू, हिंदी, अरबी, फारसी के फरोग़ व साहित्य अदब तहज़ीब को बढ़ावा देने के लिए चर्चा की गई। बैठक में 6 नवंबर को साहित्यिक कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया।

इस अवसर पर सोसाइटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शेख़ मौलाना शाही ने कहा कि शहर में साहित्यिक अदबी, तहज़ीबी साहित्यकारों का खजाना है। कुछ ऐसे नायाब शायर, लेखक साहित्यकार, अफसानानिगार, रचनाकार शहर में हैं, जिनकी लेखनी बहुत संजीदगी के साथ चल रही है। उन्होंने कहा कि मध्यम वर्ग के लेखकों की रचनाएं और कहानियां प्रकाशित करने के लिए कोई सहयोग नहीं मिलता और न कोई सरकार की तरफ किसी प्रकार का सहयोग मिल पाता है। सोसायटी कोशिश कर रही है कि ऐसी योजना बनाई जाए, जिसके माध्यम से मध्यम वर्ग के लेखकों की किताबें प्रकाशित करवाई जा सकें।


बैठक में साहित्यिक गतिविधियों पर चर्चा करते राष्ट्रीय अध्यक्ष शेख मौलाना शाही।

### युवा पीढ़ी किताबों, अखबारों से दूर हो रही

वरिष्ठ शायर असगर यासिर ने कहा कि शहर में साहित्यिक आयोजन दिनोंदिन कम होते जा रहे हैं। इसकी वजह मोबाइल है। युवा पीढ़ी किताबों, अखबारों से दूर होती जा रही है, जो चिंता का विषय है। अधिवक्ता सुधाकर तिवारी ने कहा कि हमारे समाज में साहित्यकारों को अहमियत देना बहुत जरूरी है। आज की युवा पीढ़ी लेखकों, साहित्यकारों, शायरों और कवियों को पढ़ना-सुनना नहीं चाहती। बैठक में रेहान दानाई, तस्लीम, मो. एजाज आदि मौजूद रहे।

**दिक्कत** डीजल इंजन से करना पड़ रहा पलेवा, जमुका क्षेत्र में किसान परेशान, शिकायत करने के बाद भी नहीं हो पा रहा समाधान

# गेहूं बुआई के लिए जरूरत...नहर में पानी नहीं

संवाददाता, जमुका/ शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** ब्लॉक भावलखेड़ा के क्षेत्र के जमुका के आसपास के कई गांवों के किसान नहर में अभी तक पानी नहीं आने के कारण परेशान नजर आ रहे हैं। जबकि गेहूं बुआई की तैयारी है। उन्हें खेत में पलेवा बनाने के लिए डीजल इंजन पर निर्भर रहना पड़ रहा है। शिकायत करने के बाद भी समाधान नहीं हो पा रहा है।

नहर को रोजा रजवहा के नाम से जाना जाता है। जमुही, निघोना मकरंदपुर, रामापुर बरकतपुर, पैतापुर, बिलंदपुर आदि दर्जनों गांवों के लोग खेती किसानी करने के लिए नहर के पानी पर निर्भर हैं। किसानों का कहना है, कि नहर में अभी तक पानी नहीं आया है, जबकि गेहूं की बुआई का कार्य शुरू हो चुका है। धान की कटाई के बाद खेत को गीला करने के लिए ( पलेवा ) पानी की जरूरत है। इसके लिए किसानों को डीजल इंजन पर निर्भर रहना पड़ रहा है, कुछ किसानों ने तो पलेवा करके खेतों की जुताई कर गेहूं की बुआई कर दी है लेकिन तमाम किसान ऐसे हैं, जिन्हें अभी खेत में पलेवा करने के लिए पानी की जरूरत है, वह चाहते हैं कि नहर में पानी आ जाए लेकिन पानी का अभी अता-पता नजर नहीं आ रहा है। ऐसी महंगाई में डीजल से सिंचाई करने के लिए किसान बहुत ज्यादा मजबूर व परेशान हैं। किसान बताते हैं यदि हमें सिंचाई के लिए नहर का पानी समय से मिल जाता है,तो हमारी फसल को फायदा होने की ज्यादा से ज्यादा उम्मीद नजर आती है। खेत को अब पानी की जरूरत पड़ने लगी है। जबकि कई दिनों से नहर सूखी पड़ी है। किसान सुरजीत, अमरीश, रामतीरथ, मित्रपाल, ब्रजेश, दिनेश, शेखर राठौर आदि लोग बताते हैं कि पिछले कई दिनों से नहर में पानी नहीं आया है, किसानों का कहना है कि कहीं पलेवा की आवश्यकता है, तो कहीं गेहूं की फसल उगने लगी है। ऐसे में फसल को सिंचाई की आवश्यकता होने लगी है। डीजल इंजन से सिंचाई काफी महंगी पड़ती है। इससे फसल की लागत में इजाफा हो जाने से मुनाफा कम हो जाता है। कई बार मांग करने के बावजूद अभी तक नहर में पानी नहीं आया है।


सूखी पड़ी रोजा रजवहा नहर। ● अमृत विचार

> पूरे प्रदेश में नहर की साफ सफाई का काम अक्टूबर-नवंबर के माह चलता है, जिससे नहर में पानी नहीं पहुंच पाता है। किसान परेशान न हो जल्द से जल्द लगभग पांच दिसंबर तक पानी आ जाएगा।
>
> -आनंद प्रकाश, सहायक अभियंता, सिंचाई विभाग

### छलका किसानों का दर्द


हमारे गांव में धान की कटाई लगभग पूरी हो चुकी है। अब गेहूं की बुआई का काम शुरू हो रहा है, ऐसे में खेत में पानी की जरूरत है। लेकिन नहर सूखी पड़ी है। - सुरेश कुमार


गेहूं में अब सिंचाई करने के लिए पानी की मांग दिन प्रतिदिन खेतों में बढ़ती ही जा रही है। नहर में अभी तक सिंचाई के लिए पानी नहीं आया है, जल्द पानी आ जाए तो सिंचाई में कुछ सहूलियत हो जाए। - अमरीश कुमार


इस समय धान की फसल की कटाई हो चुकी है, और गेहूं भी लगातार बोया जा रहा है। बहुत से लोगों का गेहूं बोया भी जा चुका है, जिन्हें अब सिंचाई की आवश्यकता है। नहर में पानी अभी तक नहीं आया है। - सुरजीत पाल


तमाम किसान गेहूं की बुआई कर भी चुके हैं, ऐसे में अगर नहर में अब भी समय से पानी मिल जाए, तो सिंचाई करने में कुछ राहत मिल जाएगी। सिंचाई के लिए अधिक रुपये नहीं खर्च करने पड़ेंगे। - शेखर राठौर

## जयंती पर सरदार पटेल को अर्पित किए श्रद्धा सुमन


पूर्व गृह मंत्री सरदार पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित करते अतिथि। ● अमृत विचार

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार :** नगर की मधुवन कॉलोनी स्थित पटेल भवन में पटेल सेवा संस्था ने शनिवार को गृह मंत्री रहे सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बरेली के डॉक्टर कुलदीप गंगवार रहे। कार्यक्रम में आए हुए लोगों ने पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

इस दौरान डॉक्टर गंगवार ने कहा कि हम सभी को सरदार पटेल के आदर्शों पर चलने की जरूरत है, क्योंकि इस समय पटेल जी के आदर्शों की जरूरत हमारे समाज और देश को है। इसी कार्यक्रम के तीन मेधावियों को भी सम्मानित किया गया। हेल्थ कैंप का भी आयोजन किया गया। हरपाल सिंह गंगवार, गजेंद्र पटेल, देवस्वरूप पटेल दामोदरदास गंगवार बबीता पटेल और सविता वर्मा ने संबोधित किया। कार्यक्रम में डॉ. प्रवीण गंगवार, सत्यपाल गंगवार, अशोक गंगवार, सत्यपाल यादव, नीरज सक्सेना आदि लोग शामिल हुए। अध्यक्षता चिम्मनलाल गंगवार और संचालन जितेंद्र ने किया।

## एक नजर

### ट्रैक्टर ट्रॉली से कूदा साड़, हुई मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** गोशाला में संरक्षण को ले जाते समय साड़ ट्रैक्टर ट्राली से कूद गया। जिससे वह घायल हो गया। उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। इसके बाद साड़ का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे दफन करा दिया। दीपावली के दिन उझानी ब्लॉक के ग्राम अन्नी में साड़ द्वारा एक किसान पर हमला कर दिया था। हमले में किसान की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉक्टर समदर्शी सरोज ने गांव में पहुंचकर ग्रामीणों के सहयोग से साड़ को पकड़ लिया। इसके बाद उसे ट्रैक्टर ट्रॉली के द्वारा कछला स्थित गौशाला ले जा रहे थे। रास्ते में साड़ ट्रॉली से कूद गया। चलती ट्राली से कूदने पर साडं चोटिल हो गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद पशुपालन विभाग ने साड़ का पोस्टमार्टम कराने के बाद दफन करा दिया।

### पशुशाला में आग लगने से जल गया भूसा

**बिल्सी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव अंतपुर निवासी सत्यपाल सिंह की पशुशाला में संदिग्ध परिस्थिति के चलते आग लग गई। इसके बाद गांव के लोगों ने मौके पर एकत्रित होकर आग पर काबू पाया। तब तक पशु शाला का छप्पर चलने से उसमें रखा सारा भूसा जलकर राख हो गया। साथ ही ग्रामीणों की मदद से पशु शाला में बंधे सभी पशुओं को सुरक्षित निकाल लिया गया। बताते है कि आग किसी पटाखे की चिंगारी से लगी थी।

# आठ नवंबर को लाई जाएगी ककोड़ा देवी मंदिर से झंडी

## झंडी स्थापित होने के बाद ककोड़ा मेला किया जाएगा आरंभ

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- 14 को किया जाएगा उद्घाटन, गंगा तीरे लगाया जा रहा मेला

**अमृत विचार :** कादरचौक क्षेत्र में लगने वाले ककोड़ा मेले की सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। मेले में ककोड़ा गांव के देवी मंदिर से 8 नवम्बर को विधिवत झंडी लाई जाएगी और मेला स्थल पर पूजा कर झंडी स्थापित की जाएगी। झंडी स्थापित होने के बाद मेले का शुभारंभ हो जाएगा। 14 नवम्बर को मेले का उद्घाटन होगा।

मिनी महाकुंभ के नाम से प्रसिद्ध मेला ककोड़ा जिला पंचायत द्वारा आयोजित किया जाता है। जिला पंचायत ही मेले में बिजली, सड़क, हैंडपम्प लगवाता है। इस बार जिला पंचायत ने कच्ची सड़कों का जाल बिछाने के बाद मेले में करीब दो दर्जन टावर लगाए हैं जिन पर सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए मेला स्थल पर कोतवाली भी बनाई जाती है। इस बार मेले में आठ नवम्बर को अस्थाई कोतवाली बन रही है। मेला स्थल के निकट ही बस स्टैंड बनाया जा रहा है। मेला स्थल पर करीब साढ़े चार सौ हैंडपम्प लगाए जा रहे हैं। अभी तक 180 हैंडपंप लगाए जा चुके हैं। शेष हैंडपम्प भी एक सप्ताह में लगा दिए जाएंगे। ककोड़ा मेला स्थल पर प्रशासनिक अधिकारियों के अस्थाई कार्यालय बनाए जा रहे हैं। डेरा तंबू लगाए जा रहे हैं। जिला पंचायत ने सभी कार्यालयों को अलग अलग कार्यालय दिए हैं। सभी के तंबू लगाने का काम किया जा रहा है। गंगा किनारे लगने वाले इस ऐतिहासिक मेले में सुरक्षा की दृष्टि से कई जिलों की पुलिस लगाई जाती है।


मेला ककोड़ा का फाइल फोटो। ● अमृत विचार

### अतिरिक्त पुलिस फोर्स किया जाएगा तैनात

गंगा घाट पर बनाए गए शक्ति स्नान घाटों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। गंगा घाट पर पहली बार महिलाओं को शक्ति स्नान घर बनाए जा रहे हैं। गंगा घाट पर पुरूषों को अलग स्नान घर बनाए जा रहे हैं। मेले में पांच नवम्बर से बिजली पहुंच जाएगी। इसके लिए खंभे लगा दिए गए हैं केवल लाइन डाल कर सप्लाई शुरू करनी हे।

ककोड़ा मेले की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। 8 नवम्बर को झंडी स्थापित होते ही मेले में तंबुओं का शहर बसना शुरू हो जाएगा। प्रशासनिक अधिकारी भी आठ नवम्बर से यहां पर मौजूद रहेंगे। मेला प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी दिन रात काम कर रहे हैं।
–**मासूम रजा**, अपर मुख्य अधिकारी

# फसलों को चट कर रहे गोवंश ने बढ़ाई किसानों की टेंशन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- उड़ाई नींद, रात भर खेत पर पहरा देने के लिए किसान मजबूर

**अमृत विचार :** गांवों में छुट्टा घूम रहे गौवंशो से फसलों को बचाने के लिए किसान रात को पहरेदारी करते हैं। झुंड की शक्ल में गौवंश सड़कों पर बैठते हैं जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी होती है। सड़कों पर आने जाने वालों पर गोवंश हमलावर हो रहे हैं। ग्रामीणों ने इन गौवंशो को पकड़वाकर गोशाला भिजवाने की मांग की है।

शहर से लेकर देहात तक छुट्टा घूम रहे गौवंश लोगों को मुसीबत बने हुए हैं। गांवों में किसान रात भर फसलों की रखवाली कर रहे हैं। पूरी रात जागने पर किसानों को परेशानी हो रही है। उदमई निवासी किसान जसवीर ने बताया कि दीपावली की रात को वह अपने खेत पर नहीं पहुंचे जिससे दो बीघा बाजरा गौवंश ने साफ कर दिया। सुबह जाकर देखा तो पूरा खेत गौवंश ने चट कर दिया। खेत में हरा बाजरा खड़ा था जिसे चट कर दिया। इसी तरह सिमरिया निवासी राजवीर ने बताया कि शुक्रवार की रात को किसी वजह से खेत पर नहीं जा सके जिसके बाद उर्द की फसल नष्ट कर दी। हरे उर्द खेत में खड़े हैं। चारो ओर रस्सी लगा दी है फिर भी उर्द नष्ट कर दिए। शहर में अलापुर रोड स्थित ग्राम पडौआ और कुलचौरा पर करीब तीन सौ से अधिक गौवंश हैं जो रात को सड़क पर ही बैठते हैं। फर्रुखाबाद रोड स्थित ग्राम कुलचौरा के लोगों का कहना है कि गौवंश के कारण खेतों में फसलें नही हो पाती हैं। ककराला रोड स्थित रसूलपुर और सिमरिया पर रात को गौवंश सड़क पर बैठते हैं। कई बार अंधेरे के कारण बाइक सवार गोवंश से टकरा कर घायल हो चुके हैं। उन्हे भगाने पर गौवंश हमलावर हो रहे हैं। शहर के निकट ग्राम नरऊ मोड़ पर रात को सैकड़ों गौवंश सड़क पर बैठते हैं जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी होती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार यहां से गौवंश को भगा चुके हैं फिर भी वह रात को सड़क पर ही बैठते हैं।

### दीपावली पर शांतिभंग में आठ को भेजा जेल

**कुंवर गांव, अमृत विचार :** दीपावली पर शान्ति व्यवस्था भंग करने वाले आठ आरोपियों को जेल भेजा गया है। रामसिंह, सत्यभान, रजनेश निवासीगण ग्राम हरनाथपुर, हेतराम निवासी ग्राम इनायतगंज, ब्रजलाल, रामचरन पुत्र झांझन लाल, आशीष पुत्र रामचरन निवासीगण ग्राम मढिया भांसी, दलीप पुत्र हरनाम सिंह निवासी ग्राम गरुईया को शांति भंग में गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। यहां से सभी को जेल भेज दिया गया।

## सार-संक्षेप

### डबल इंजन की सरकार कर रहीं डबल नुकसान : कांग्रेस




**ककराला, अमृत विचार :** भाजपा की डबल इंजन की सरकार देश की जनता का डबल नुकसान कर रही हैं। भाजपा और आरएसएस की हिंसा और नफरत की राजनीति देश और समाज के लिए विनाशकारी साबित हो रही है। यह बातें कांग्रेस के प्रदेश सचिव अजीत यादव ने शनिवार को धरना स्थल पर कहीं। वे जनसमस्याओं के समाधान को ककराला के घास बाजार में विगत 7 अक्टूबर से बेमियादी धरने पर बैठे हैं। उन्होंने कहा कि ककराला वासियों की समस्याओं के समाधान तक धरना जारी रहेगा। शनिवार को धरने पर शहजादा रिजवान, अकरम खान, खालिद, डॉ.सोहराब खान, नुरुल हसन, फैजियाब खान, अनीस खान, वसीम खान, तजम्मुल अंसारी, सादिक नवाज, शाबान, हनीफ अब्बासी, अब्दुल गफूर, आबिद अली, हिलाल, फितरत खान, रौनक अली खान समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### प्रज्ञा मंदिर पर जलाए गए 501 दीये, किया यज्ञ



**बिल्सी ,अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव गुधनी स्थित आर्य समाज के तत्वावधान में प्रज्ञा मंदिर में दीपावली का पावन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर पर बड़ी संख्या में ग्रामवासी एकत्रित हुए तथा सामूहिक रूप से यज्ञ किया और 501 दिए जलाए। वैदिक विद्वान आचार्य संजीव रूप ने कहा कि दीपावली केवल आतिशबाजी चलाने मौज मस्ती करने का पर्व नहीं अपितु जीवन जीने की कला सीखने का पर्व है। छोटे–छोटे दीपक एक पंक्ति में जलते हुए बहुत बड़ी शिक्षा देते हैं। वह पहली शिक्षा यह देते हैं कि एक रहो, नेक रहो, हंसते रहो, मुस्कुराते रहो, चुनौतियों का सामना करो घबराओ मत यदि कोई दीपक बुझ जाता है तो साथ में रखे दीपक अपना कर्तव्य निभाते हैं और जलते रहते हैं अंतिम सांस तक। तृप्ति शास्त्री ने पर्व के विशेष मंत्रों का पाठ करते हुए यज्ञ में आहुतियां दी और कहा कि दिवाली स्वच्छता का पर्व है, स्वच्छता मन की भी उतनी ही जरूरी है, जितनी घर आंगन की। आज समाज मानसिक रोगी हो गया है। यह भ्रष्टाचार जातिवाद छुआछूत आदि मन के ही रोग है। इस मौके पर सुखबीर सिंह, संतोष कुमारी, विचित्रपाल सिंह. प्रश्रय आर्य मिथिलेश रानी, ईशा रानी, साहब सिंह, राकेश आर्य आदि मौजूद रहे।

### जनता को मिल रहा योजनाओं का लाभ : बीएल वर्मा



**बिल्सी ,अमृत विचार :** शनिवार को नगर के ईंट व्यवसायी रजनीकांत अग्रवाल के प्रतिष्ठान पर पहुंचे केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा का भाजपाइयों ने फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। मंत्री ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो सभी लोगों को साथ लेकर चलती है। किसी भी जाति–धर्म के लोगों के साथ कभी भी भेदभाव नहीं करती है। इसलिए लोग लगातार भाजपा के सदस्यता अभियान के साथ जुड़ रहे है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास की नीति पर कार्य कर रही है। अभी तक लाखों गरीब लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिल चुका हैं। इनका लाभ जमीनी स्तर तक गरीब लोगों को पहुंच रहा है। इस मौके पर विधायक हरीश शाक्य, रजनीकांत अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, रतन कुमार जिंदल, सचिन अग्रवाल, लोकेश वाष्णेय, सुधीर सोमानी, राहुल वार्ष्णेय, संजीव वाष्णेय, दीपक जैन, अनिल शर्मा आदि मौजूद है।

### गोवर्धन की पूजा कर लगाया भोग, मांगा आशीर्वाद



**उझानी , अमृत विचार :** प्रखर बाल संस्कारशाला के श्री नारायणगंज स्थित कैंप कार्यालय पर गोवर्धन पूजा की गई। भगवान श्री कृष्ण को गाय के दुग्ध से बने मिष्ठान का भोग लगाया गया। अक्षत, पुष्प, रोली, चंदन और नारियल अर्पित किया। भजन कीर्तन हुए। इस मौके पर आरती शर्मा, सौम्या शर्मा, रीना शर्मा, दीप्ति शर्मा आदि मौजूद रहे।

# युवक को पीटा, पुलिस पर फैसले का दबाव बनाने का लगाया आरोप

संवाददाता, विजय नगला/बिनावर

- थाना बिनावर क्षेत्र के गांव पुठी के मजरा सराय का मामला

**अमृत विचार :** घर में घुसने की शिकायत करना एक युवक को भारी पड़ गया। युवक ने उसके घर में घुसने वाले की शिकायत उसके परिजनों से की। गुस्से में आए आरोपियों ने युवक से मारपीट की। इसमें युवक घायल हो गया। आरोप है कि शिकायत करने जाने पर पुलिस ने उसे थाने पर बैठाया और फैसला करने का दवाब बनाया।

थाना बिनावर क्षेत्र के गांव पुठी के मजरा सराय निवासी बादशाह पुत्र रामफल ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि शुक्रवार रात वह और उसका भाई घर से बाहर थे। इसी दौरान रात लगभग 11 बजे गांव में रहने वाला युवक उनके घर में घुस आया। घर में सो रहे बच्चों ने उसे देख लिया तो वह घर से भाग गया। वह शिकायत करने आरोपी के घर गया। यहां आरोपी के परिजनों को उसे घर में घुसने का कारण पूछा। आरोप है कि आरोपी के परिजनों ने गाली-गलौज की। विरोध करने पर बादशाह को लाठी-डंडों से पीटा। शोर सुनकर मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे और उन्हें बचाया। बादशाह घायल हो गए थे। वह शिकायत करने थाने गए। पुलिस ने उन्हें मेडिकल परीक्षण को भेजने की बजाय गांव के एक नेता के कहने पर बैठा लिया। आरोप है कि पुलिस कार्रवाई करने जगह फैसला करने का दवाब बनाया। बिनावर के प्रभारी निरीक्षक अशोक कंबोज ने बताया कि थाने पर बैठाने की बात गलत है। थाने पर तहरीर नहीं आई है।

# सफाई की जगह कूड़े में आग लगा गए कर्मचारी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- कूड़ा उठाने के स्थान पर लगाई जा रही आग, प्रदूषण से हो रही दिक्कत
- शहर के गली मोहल्लों में लग चुके हैं गंदगी के ढेर, सफाई कर्मियों के न आने पर लोग परेशान

**अमृत विचार:** दीपावली त्योहार के बाद शहर की सड़कों पर गंदगी पसर गई है। गली मोहल्लों में गंदगी के ढेर लग चुके हैं। कूड़ा उठाने के स्थान पर नगर पालिका के कर्मचारियों ने यहां आग लगा दी। जिससे न सिर्फ प्रदूषण फैल रहा है बल्कि लोगों को सांस लेने में भी मुश्किल हो रही है।

दीपावली पर लोगों ने जमकर पटाखे जलाए और उनका कूड़ा सड़क पर ही छोड़ दिया। घरों में साफ-सफाई के बाद भी कूड़ा इधर-उधर डाल दिया गया। शहर के प्रमुख चौराहों के साथ गली मोहल्लों में गंदगी पसरी हुई है। गंदगी के ढेर की वजह से कुछ स्थानों पर नालियां चोक होने से भी समस्या बन गई है। नाली चोक होने की वजह से पानी सड़कों पर आ गया है। तीन दिन से नगर पालिका के सफाई कर्मचारी सफाई नहीं कर रहे हैं। बल्कि कूड़े को उनके द्वारा जला दिया जा रहा है। जिसकी वजह से प्रदूषण फैल रहा है। दीपावली पर छोडी गई आतिशबाजी से हवा की शुद्धता पहले से ही खराब हो चुकी है। ऊपर से नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा कूड़ा जलाए जाने से प्रदूषण में और इजाफा किया रहा है। जिससे छोटे बच्चे और बुजुर्गों को सांस लेना भी मुश्किल हो रहा है। शनिवार को शहर के मोहल्ला मधुबन कॉलोनी में सफाई कर्मचारियों ने कूड़ा उठाने के स्थान पर उसमें आग लगा दी। जिससे लोगों को दिक्कतें हुई। इधर तीन दिन से कूडा न उठने की वजह से आवास विकास कॉलोनी के गेट के सामने, संतोख सिंह तिराहा, ओवर ब्रिज के नीचे, लावेला चौक, गद्दी चौक, ब्रह्मपुरा, सुभाष चौक सहित अन्य स्थानों पर गंदगी के ढेर लगे दिखाई दिए। इस संबंध में सिटी मजिस्ट्रेट प्रवर्धन शर्मा ने बताया कि सफाई कर्मचारियों द्वारा सफाई व्यवस्था में बरती जा रही लापरवाही पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।


शहर के मोहल्ला मधुबन कॉलोनी में जलता कूड़ा। ● अमृत विचार

# जिला अस्पताल : बुखार के 24 से अधिक मरीज भर्ती

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- मरीजों को डॉक्टरों के छुट्टी से आने का इंतजार, सोमवार से लगाए जाएंगे शिविर

**अमृत विचार :** पिछले तीन दिनों में डेंगू और मलेरिया के 24 से अधिक मरीजों को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। हर दिन 10 से 15 गावों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर मरीजों की जांच की जा रही थी, लेकिन छुट्टी के चलते शिविर न लगने से मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। हालांकि इमरजेंसी सेवाएं बहाल हैं।

शनिवार को आठ बुखार पीड़ितों को भर्ती किया गया। इसमें तीन कादरचौक क्षेत्र के हैं, जबकि दो अलापुर के हैं कुछ अन्य क्षेत्रों के हैं। इन मरीजों का कहना है कि कई दिन से स्थानीय झोलाछापों से दवा ले रहे थे जब ज्यादा हालत बिगड़ गई तब वह अस्पताल पहुंचे। स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें भर्ती किया गया। ब्लॉक जगत के ग्राम जखेली निवासी भूपेंन्द्र ने बताया कि उन्हें कई दिनों से बुखार आ रहा है। तीन पूर्व एक प्राइवेट लैब पर ब्लड की जांच कराई जिसमें डेंगू की पुष्टि हुई है। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. योगेश कुमार सारस्वत ने बताया कि दीपावली के अवकाश के चलते कर्मचारी बाहर हैं। कार्यालय बंद है इसलिए अभियान रोका गया है। सोमवार से अभियान फिर शुरू कर दिया जाएगा। गांव गांव शिविर लगाकर ब्लड की जांच की जाएगी।


मलेरिया वार्ड में भर्ती मरीज।

### बिजली रही बाधित, ठप रही डायलिसिस यूनिट



**बदायूं, अमृत विचार :** जिला अस्पताल के डायलिसिस यूनिट को भरपूर बिजली नहीं मिलने से मरीजों की डायलिसिस नहीं हो रही है। दो दिन बाद शनिवार को खुला डायलिसिस यूनिट बिजली समस्या के चलते बंद रहा। दो फेस में बिजली रही, जबकि तीसरे फेज में बिजली नहीं होने से यूनिट बंद रही। यूनिट मैनेजर मनोज ने बताया कि शनिवार सुबह से ही दो फेस में बिजली आ रही है, एक फेस में नहीं आ रही है इससे यूनिट नहीं चल पा रहा है। सुबह से एक मरीज को डायलिसिस नहीं हुई है। ऐसी स्थिति में मरीज भी परेशान हैं हम लोग भी परेशान हैं। इस तरह की दिक्कत से अक्सर जूझना पड़ता है।

# गांव में जुए के विरोध पर दंपती और बच्चों को दौड़ाकर पीटा

संवाददाता, ओरछी

- पुलिस ने नहीं की कार्रवाई तो सीएम पोर्टल पर की शिकायत

**अमृत विचार :** जुए को लेकर बदनाम थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव बझेड़ा में एक युवक को जुए का विरोध करना भारी पड़ गया। जुआरियों ने युवक, उसकी पत्नी और बच्चों को दौड़ाकर पीटा। महिला के साथ छेड़छाड़ और लूटपाट की। कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र में लंबे अरसे से जुए फड़ सजते आ रहे हैं। जंगलों में खुलेआम त्रिपाल बिछाकर जुए के फड़ लगे रहते हैं। इससे जिले के अलावा आसपास के जिलों के लोग जुआ खेलने आते हैं। मोटे दांव लगाते हैं। हार-जीत पर झगड़ा होता है। एक नवंबर की रात लगभग 11 बजे गांव बझेड़ा में जुआ चल रहा था। गांव निवासी एक युवक के अनुसार उन्होंने जुआ का विरोध किया। जुआरियों ने उन्हें, उनकी पत्नी व बच्चों को पीटा। वह अपने बचाव के लिए भागे तो जुआरियों ने उन्हें दौड़ाकर पीटा। आरोप है कि महिला से छेड़छाड़ की। वह शिकायत करने पुलिस के पास पहुंचे। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर युवक को वापस भेज दिया, लेकिन कार्रवाई नहीं की। इसके चलते युवक ने सीएम पोर्टल पर शिकायत की है। प्रभारी निरीक्षक जवाहरलाल वर्मा ने बताया कि मारपीट की सूचना मिली थी लेकिन अभी तहरीर नहीं आई है।

**तैयारी** — शोध केंद्र स्थापित करने के लिए जिले में जमीन की हुई खरीद, रिसर्च पर आबकारी विभाग की रहेगी नजर

# जिले में भांग पर होगा शोध, नौ हेक्टेयर में बनेगा रिसर्च सेंटर

प्रदीप सक्सेना, बदायूं

- पॉली बैग में उगाई जाएगी भांग की पौध, सहयोग करेगा उद्यान विभाग

**अमृत विचार:** जिले में भांग पर रिसर्च होगी। औषधीय गुणों की जानकारी की जाएगी ताकि इसे दवा के रूप में उपयोग में लाया जा सके। रिसर्च सेंटर बनाने और भांग उगाने के लिए नौ एकड़ जमीन खरीदी गई है। लाइसेंस धारक उद्यान विभाग की मदद से पॉली हाउस तैयार करने की तैयारी कर रहा है। भांग पर की जाने वाली रिसर्च पर आबकारी विभाग की नजर रहेगी।

अफीम की वैध काश्तकारी की तरह ही भांग की खेती के लिए लाइसेंस दिया गया है। यह खेती भांग की दुकानों अथवा ठेकेदारों को आपूर्ति के लिए नहीं बल्कि औषधीय तथा औद्योगिक श्रेणी के भांग के पौधे पर रिसर्च की जाएगी। यह लाइसेंस तीन वर्षों के लिए जारी किया गया है। फसल का निस्तारण आबकारी विभाग समय-समय पर करेगा। जिले में भांग की खेती के साथ रिसर्च सेंटर स्थापित करने के लिए मुख्यालय से करीब बीस किलोमीटर दूर गौरामई गांव में नौ एकड़ जमीन खरीदी गई है। भांग की खेती करने और रिसर्च सेंटर स्थापित करने के लिए शहर निवासी दीपक बजाज को सरकार द्वारा लाइसेंस मिला है। उनके द्वारा पॉलीहाउस में भांग उगाई जाएगी। उसके बाद उस पर रिसर्च की जाएगी। लाइसेंस धारक ने बताया कि भांग की खेती के लिए उन्हें लाइसेंस कई शर्तों पर मिला है। उनके द्वारा फसल की बिक्री नहीं की जाएगी। और नहीं फसल के लिए मादक पदार्थ के रूप में उपयोग किया जाएगा। फसल आबकारी विभाग की निगरानी में होगी। जिला आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. राघवेन्द्र मोहन ने बताया कि भांग के बीजों का इस्तेमाल कई दवाएं में किया जाता है। भांग की पत्तियां मानसिक रोगों की बीमारी में भी सहायक होती हैं। भांग और इसके बीजों में एंटी-ऑक्सीडेंट, प्रोटीन, ओमेगा-3, ओमेगा-6 फैटी एसिड, फाइबर जैसे कई औषधीय तत्व होते हैं. जो शरीर के लिए अति आवश्यक हैं।

भांग की खेती के लिए शहर निवासी दीपक बजाज को लाइसेंस मिला है। उनके द्वारा पॉली हाउस बनाने के लिए विभाग में आवेदन किया है। जिस पर विचार किया जा रहा है। भांग के बीज और उसकी पत्तियों पर रिसर्च की जानकारी दीपक बजाज द्वारा दी गई है। जल्द ही उनके आवेदन पर विचार का पॉलीहाउस तैयार कराया जाएगा।
– **सुनील कुमार**, जिला उद्यान अधिकारी

### फसल भंडारण के लिए बनेगा अतिरिक्त कक्ष

दीपक बजाज ने बताया कि उनके द्वारा गौरामई गांव में नौ एकड़ जमीन खरीद ली गई है। यहां पर पॉलीहाउस में भाग उगाई जाएगी। उसके बीज के भंडारण को एक अतिरिक्त कक्ष का भी निर्माण किया जाएगा। यहां बीज का रेशा निकाला जाएगा।

### यह होंगे फसल उगाने के लिए मानक

लाइसेंस धारक ने बताया कि भांग की फसल पॉलीहाउस में उगाई जाएगी। पॉलीहाउस में केवल कम टेट्रा हाईड्रो कैनाबिनाल वाली भांग की किस्म उगाई जाएगी। यदि यह प्रतिशत जांच के दौरान अगर फसल 0.3 से अधिक हो तो नष्ट कर दिया जाएगा।

# पांच नवंबर को लगाई जाएगी जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी

**बदायूं, अमृत विचार:** जिला विज्ञान क्लब के तत्वावधान में नवप्रवर्तन जागरूकता के तहत राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में जिला स्तरीय नवप्रवर्तन विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन पांच नवंबर को किया जाएगा। इसमें विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों के साथ असंगठित क्षेत्र के लोग प्रतिभाग करेंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. प्रवेश कुमार ने बताया विज्ञान क्लब के द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इसमें डीएम के साथ अन्य अधिकारीगण मौजूद रहेंगे। प्रथम आने वाले को आठ हजार, दूसरे स्थान पर आने वाले को पांच और तीसरा स्थान पाने वाले को तीन हजार रुपये दिए जाएंगे।

# छह नवंबर से गन्ने की खरीद शुरू करेगा यदु शुगर मिल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- शुगर मिल की तैयारी पूरी, आठ से शुरू होगी गन्ने की पेराई

**अमृत विचार :** बिसौली की यदु शुगर मिल में 8 नवम्बर को गन्ने की पेराई शुरू होगी। मिल प्रशासन ने इसकी सारी तैयारियां कर ली हैं। मिल के सभी क्रय केन्द्रों पर छह नवम्बर से गन्ने की खरीद शुरू कर दी जाएगी।

मिल प्रशासन ने इसकी जानकारी गन्ना किसानों को दे दी है। मिल के जिले में 52 क्रय केन्द्र हैं। इन क्रय केन्द्रों पर कांटा, बाट व अन्य सामान पहुंच जाएगा। गन्ना क्रय केन्द्रों की सूची जिला गन्ना विभाग को उपलब्ध करा दी गई है। बिसौली की यदु शुगर मिल पर जिले का 60 प्रतिशत गन्ना जाता है, जबकि शेखूपुर की सहकारी चीनी मिल की पेराई क्षमता कम होने के कारण इसका गन्ने का रकबा भी कम है। मिल के केवल दो क्रय केन्द्र हैं। शेखूपुर चीनी मिल 17 नवम्बर को पेराई सत्र शुरू कर रही है। मिल की मरम्मत करने के बाद ट्रायल भी कर लिया गया है। जिला गन्ना अधिकारी अशफी लाल ने बताया कि किसान अपना गन्ना अपने मिल पर ही डालें। इधर उधर खरीद करने वालों की सूचना विभाग को दें। इससे उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सके। जल्द क्रय केंद्रों पर निरीक्षण किया जाएगा।

खून के आंसू



हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)

डॉ. एम. अहमद (BUMS)

जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको

धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, नि:संतान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।

वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीवी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येक:-

शनिवार रविवार

बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली

मो. 9634499693 9837338306

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ. आर. एस. सिंह
B.A.M.S. (आयुर्वेदाचार्य)

स्त्री-पुरूष रोग विशेषज्ञ

25 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त

ISO.9001:2015 Certify Treadmark Clinic

पतले-दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री-पुरूष मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।



चिकित्सा जानकारी

● भूख न लगना ● अपच ● कब्ज ● गैस बनना ● खाने के बाद शौचालय जाना ● बच्चों का शारीरिक विकास न होना ● पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना ● बच्चों का बिस्तर गीला करना ● मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना ● कील- मुंहासे ● झाइयां ● सफेद दागो व सावलापन हटाना ● सुन्दर दिखाना ● बालों का समय से पहले झड़ना ● टूटना ● सफेद होना एवं गंजापन होना ● खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा, बीड़ी सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

स्त्री-पुरूष गुप्त समस्याएं

- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना-कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना।

नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनानें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनाने हेतु जानकारी प्राप्त करें



Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें

गलत फिल्में दखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।

डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारन्टी नहीं दे सकते।

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक

दिनांक:-17 नवंबर 2024, रविवार
1 दिसंबर 2024, रविवार

निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली

9837069463
7599211076

# घरों और मंदिरों में गोवर्धन पूजा कर लगाई परिक्रमा

## दोपहर तक चले कीर्तन, महिलाओं ने भजनों पर किया नृत्य

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार :** दीपावली के त्योहार के बाद जिले भर में गोवर्धन की पूजा की गई। घरों और मंदिरों में गाय के गोबर से गोवर्धन पर्वत बनाया गया। उनकी परिक्रमा की गई। महिलाओं ने भजनों पर नृत्य किया। अन्नकूट के प्रसाद का वितरण किया। इस दौरान हर्षोल्लास का माहौल बना रहा।

मोहल्ला शहबाजपुर के लोग हर साल गोवर्धन पूजा करते हैं। संत संगत सेवा समिति के सदस्यों और महिलाओं के द्वारा विश्व हरि मंदिर पर भजन व कीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। गाय के गोबर से गोवर्धन पर्वत बनाया। कहा जाता है कि इस दिन भगवान कृष्ण ने इंद्र का मान मर्दन कर गिरिराज का पूजन किया था। तभी से गोवर्धन पूजा का त्योहार मनाया जाता है। शहर सहित देहात क्षेत्र में गाय के गोबर से ग्वाल बाल व गोवर्धन पर्वत बनाया गया। पुष्पों और लताओं से इसे सजाया गया। संध्या के समय गोवर्धन की पूजा की गई। पूजा में धूप, दीप, जल, फल, फूल, खीर, बताशे और मिठाई व भोजन आदि का भोग लगाया गया। इस पूजा से धन, धान्य, संतान की वृद्धि होती है। कार्यक्रम समिति के संरक्षक प्रेम प्रकाश अग्रवाल, निर्दोष सक्सेना, प्रतेश, आकाश, पंकज, रूपांक, शुभम, गौरांग, संजय, इशांत आदि का विशेष सहयोग रहा।



गोवर्धन की पूजा करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

● **मोहल्ला शहबाजपुर में हर्षोल्लास के माहौल में अन्नकूट के प्रसाद का किया वितरण**

## गोवर्धन पर गायों की पूजा कर खिलाया गुड़

**बिल्सी , अमृत विचार:** निवार को नगर पालिका परिषद स्थित अस्थाई गौशाला में गोवर्धन पर्व पर पालिका चेयरमैन ज्ञान देवी ने गायों की पूजा की। गायों को फूल माला पहनाकर पूजन किया। साथ ही उन्हें गुड़ खिलाया। पालिका चैयरमेन ने बताया कि शासन के निर्देश है कि नगर क्षेत्र में जो भी गौशाला है उनको बेहतर ढंग से संचालित किया जाएगा। यहां संरक्षित पशुओं को किसी तरह की कोई दिक्कत न होने पाए। इसके अलावा गौ सेवा एवं संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए विशेष कार्यक्रम भी चलाए जा रहे है। इसका जनता को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि गोवर्धन पूजा भारतीय परंपरा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो गायों के प्रति समाज की करुणा का प्रतीक है और सांस्कृतिक जड़ों को मजबूत करती है। इस पहल के माध्यम से सरकार गायों के संरक्षण और सम्मान के प्रतीक गोवर्धन पूजा को अधिक भव्यता के साथ मना रही है। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन ओमप्रकाश सागर, पशु चिकित्सक डॉ. प्रियंका माहेश्वरी, निशांत वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

## अवैध लैब के संचालकों पर नहीं हो रही कार्रवाई

**बदायूं,अमृत विचार :** जनपद में अवैध रूप से चल रही पैथोलॉजी लैब संचालकों के खिलाफ विभाग कार्रवाई नहीं कर रहा है। जिले में करीब पांच सौ से अधिक पैथोलॉजी लैब अवैध रूप से चल रही हैं, जबकि जनपद में सौ के आसपास ही पैथोलॉजी लैब के लाइसेंस दिए गए हैं। दो सप्ताह पूर्व ब्लॉक व कस्बा जगत में एक प्राइवेट लैब संचालक ने जानकारी करने पर हंगामा कर दिया। जिसकी शिकायत स्वास्थ्य विभाग से की गयी थी। अवैध रूप से चलने वाली पैथोलॉजी लैब पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी पहुंचे, आरोप है कि बंद कमरे में बात करने के बाद वह लोग वापस लौट गए। इस बात की कस्बे में चर्चा है।

# भाई दूज आज, बाजारों में छाई रौनक

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

● **गोला सवा दो से ढाई सौ रुपये प्रति किलो तक बिका**

● **देर शाम तक बाजारों में लोगों ने जमकर की खरीदारी**

**अमृत विचार:** गोवर्धन पूजा के बाद आज भैया दूज पर्व मनाया जाएगा। पर्व को बाजारों में काफी भीड़ रही। लोगों ने नारियल, गोला और मिठाई की जमकर खरीदारी की। इसमें महिलाओं की भीड़ अधिक रही। रविवार को बाजारों में सुबह के समय और भी अधिक भीड़ रहेगी। बाजार में नारियल गोला सवा दो से ढाई सौ रुपये प्रति किलो तक बिका।

धनतेरस और दीपावली के बाद बाजारों में भैया दूज पर्व को लेकर रौनक बढ़ गई। जनरल स्टोर और परचून की दुकानों पर नारियल गोलों की बिक्री हुई। दुकानों के बाहर नारियल गोले सजे नजर आए। यहां से महिलाओं ने गोला की खरीदारी की। दीपावली से पहले सजी मिठाई की दुकानों पर शनिवार को भी खासी भीड़-भाड़ और रौनक रही। बाजार में नारियल गोले का दाम सवा दो सौ से ढाई रुपये तक रहा। नारियल गोला और मिठाई की बिक्री सबसे अधिक रही। आसपास के क्षेत्रों व जनपदों में भैया दूज के लिए जाने वाले लोगों ने ही खरीदारी की। त्योहार के सीजन में मिठाइयों की बिक्री में भी जबरदस्त उछाल है। सभी मिठाई की दुकानों के बाहर भी मिठाइयों की दुकानें सजी रहीं। जहां देर शाम तक खरीदारी का दौर चलता रहा।



बाजार में गोला खरीदती महिला। ● अमृत विचार

# बसों के बढ़ाए फेरे, बनाया कंट्रोल रूम

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार:** भैया दूज पर यात्रियों की सुविधा के लिए रोडवेज परिवहन निगम की बसों के अतिरिक्त फेरे बढ़ा दिए गए हैं। लेकिन अतिरिक्त बसे न होने के कारण इस बात की ज्यादा संभावना है कि बसों में यात्रियों की मारामारी मचेगी।

भैया दूज को लेकर परिवहन निगम के बदायूं डिपो ने खास इंतजाम किए हैं। बदायूं-दिल्ली के बीच तीन रूट पर बसों का संचालन किया जाएगा। दिल्ली के लिए चौबीस घंटे बस सेवा जारी रहेगी। बदायूं से बिल्सी, संभल और सहसवान होते हुए दिल्ली के लिए बसों को भेजा जाएगा। इसके साथ ही बदायूं-बरेली, बदायूं-फर्रुखाबाद, बदायूं-चंदौसी, बदायूं-दातागंज रूटों पर भी अतिरिक्त बसों के साथ बसों के फेरे बढ़ाए जाएंगे। एआरएम ने बताया डिपो की 120 बसों के अलावा सभी 45 अनुबंधित बस का संचालन कराया जा रहा है। चालकों और परिचालकों के अवकाश रद्द कर दिए गए हैं। यात्रियों की सभी सुविधाओं के लिए बस स्टेशन पर कंट्रोल रूम बनाया गया है। यात्री पूछताछ के लिए भी अलग से कक्ष बनाया गया है। बहनों के लिए किसी तरह की समस्या का सामना नहीं करना होगा।



बस के इंतजार में बस स्टैंड के बाहर खड़े यात्री। ● अमृत विचार

● **भैया दूज को लेकर परिवहन निगम ने की है तैयारी**

● **लंबी रूट की बसों के बढ़े हैं फेरे ज्यादा चक्कर लगाएंगी बसें**

> भैया दूज पर्व पर बसों के फेरे बढ़ा दिए गए हैं। लंबे रूट के साथ ही लोकल मार्ग पर बसों का संचालन किया जाएगा। यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी।
> – **अजय कुमार**, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक रोडवेज निगम

### चौराहों पर रहेगी जाम की स्थिति

कई प्रमुख मार्गों पर रोडवेज निगम की बसों का संचालन होता है। बसें विभिन्न चौराहों से होकर गुजरती हैं। पुलिस लाइन, कचहरी, लालपुल तिराहा, इंद्रा चौक, दातागंज तिराह, नवादा चौराहा मुख्य रूप से शामिल है। इनमें से चंद चौराहे तो ऐसे हैं, जहां ट्रैफिक पुलिस कर्मी ड्यूटी बजाने की बजाए उगाही के चक्कर में ही रहते हैं। यही कारण है कि मुख्य मार्गो पर यातायात का सही नियंत्रण न होने के कारण हमेशा जाम लगा रहता है। नगर पालिका द्वारा पुलिस लाइन, लालपुल नवादा चौराहे पर रेड लाइट को लगी हुई है। परंतु यह लाइटें पिछले दो साल से खराब पड़ी हैं।

## दीपक जलाने गई युवती को लेकर प्रेमी हुआ रफूचक्कर

**कुंवर गांव,अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार शाम करीब सात बजे एक युवती गांव में दीपक जलाने गई थी। ग्रामीणों के अनुसार जिस जगह पर युवती दीपक जलाने गयी वहां पर गांव में ही तीन युवक पहले से घूम रहे थे, उन्हीं में से एक युवक युवती को लेकर भाग गया।

युवती जब काफी देर तक वापस नहीं लौटी तो परिजन व गांव के लोग इधर-उधर तलाश करने में जुट गए। परिजनों को तीन युवकों के बारे में पता चला तो वह लोग निकटवर्ती गांव कुआंडाडा पहुंच गए।

कुआंडाडा पहुंचने पर युवती को तलाश किया गया इससे वहां पर लोग हड़बड़ा गए। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी तो पुलिस भी कुआंडाडा रात को ही पहुंच गई, पुलिस ने पीड़ित के कहने पर दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। दोनो से थाने में पूछताछ की जा रही है। फिलहाल युवती का अभी तक सुराग नहीं लगा है। थाना प्रभारी रामेन्द्र सिंह ने कहा कि युवती की तलाश की जा रही है।

## कम पेट्रोल डालने पर विवाद, दी तहरीर

**ओरछी, अमृत विचार :** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के इस्लामनगर हाईवे स्थित किसान सेवा केंद्र पेट्रोल पंप पर ग्राहक ललित ने बताया कि वह अपनी बाइक में पेट्रोल डलवाने पंप पर पहुंचे थे। आरोप है कि सेल्समैन ने बिना फीडिंग के ही पेट्रोल डालना शुरू कर दिया। नोजल का मीटर 50 से चालू हुआ था। उसकी बाइक की टंकी में पेट्रोल पहुंचा ही नहीं। वहीं सेल्समैन का आरोप है पैट्रोल डलवाने के बाद ग्राहक ललित रुपये नहीं दे रहा था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच पहले नोकझोंक हुई। इसके बाद दोनों मारपीट पर उतारु हो गए। लोगों ने मामला शांत कराया। इसके बाद ग्राहक ने आरोपी सेल्समैन के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

# नहाय-खाय के साथ दो दिन बाद शुरू होगा छठ महापर्व, घाटों पर की सफाई

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार:** नहाय खाय के साथ दो दिन बाद छठ महापर्व की शुरुआत होगी। चार दिवसीय महापर्व के लिए कछला गंगा घाट के साथ अन्य नदी के घाटों पर साफ-सफाई का दौर शुरू हो चुका है। इसके बाद छठ मैया की स्थापना की जाएगी। प्रातःकाल स्नान के बाद कद्दू और चने की दाल से बनी सब्जी के साथ चावल का भोग ग्रहण करने के बाद छठ जिले में निवास कर रहे पूर्वी उत्तर भारत के लोग व्रत का शुभारंभ करेंगे।

लगभग 36 घंटे के निर्जला व्रत के बाद मंगलवार शाम को खरना का आयोजन होगा। खरने में गुड़ और दूध से बनी खीर खाई जाती है। खीर को प्रसाद के रूप में वितरित भी किया जाता है। प्रसाद ग्रहण करने के बाद व्रती लोग बुधवार की शाम डूबते सूर्य को अर्घ्य देंगे और गुरुवार को प्रातःकाल में उगते सूरज को अर्घ्य दिया जाएगा। इसके बाद छठ पूजा संपन्न होगी और व्रती लोग अपना व्रत खोलेंगे।

● **कछला गंगा घाट पर उमड़ेगा आस्था का सैलाब, बिहार प्रांत के लोग महापर्व की तैयारियों में जुटे**

### कद्दू का विशेष भात बनाया जाएगा

इस महापर्व की तैयारी के मद्देनजर शहर में निवास कर रहे बिहार प्रांत के लोग पर्व तैयारियों में जुट गए हैं। उनके द्वारा कछला स्थित गंगा घाट पर पहुंचकर छठ पूजा के लिए घाटों पर साफ-सफाई का काम शुरू कर दिया है। कछला गंगा घाटों पर छठ मैया की स्थापना की जाएगी। वहीं जो लोग गंगा घाट पर नहीं जा सकेंगे। उनके द्वारा घरों में ही गड्ढा खोदकर उसमें पानी जमा करने का काम किया गया है। इसी गड्ढे में वह सूर्य को अर्घ्य देकर पर्व का शुभारंभ करेंगे। नहाय खाय पर कद्दू का विशेष भात बनाया जाता है।

# 6.83 करोड़ से सुधरेगी बिजली आपूर्ति

## सैजंनी के मुड़िया खेरे में बनेगा बिजली घर, राज्यमंत्री ने किया शिलान्यास

संवाददाता, दातागंज

**अमृत विचार :** केन्द्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने दातागंज क्षेत्र के गांव सैजंनी के मुड़िया खेरे में छह करोड़ 83 लाख की लागत से बनने वाले 33/11 केवी के विद्युत उपकेन्द्र का विधिवत पूजा कर शिलान्यास किया।

दातागंज क्षेत्र में बिजली घर बनवाने की मांग दशकों से की जा रही थी। लोगों को समय पर बिजली नहीं मिलने से परेशानी होती है। फसलें सूख जाती है। दातागंज से दूसरी बार भाजपा विधायक चुने गए राजीव कुमार सिंह उर्फ बब्बू भैया से भी क्षेत्र के लोगों ने बिजली घर की मांग की। विधायक मुख्यमंत्री से मिले और लोगों की समस्या से अवगत कराया। विधायक का प्रयास रंग लाया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिजली घर की स्वीकृति दे दी। साथ ही कई करोड़ की धनराशि भी अवमुक्त कर दी। शनिवार को ग्राम सैजनी के मुड़िया खेरे में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर शिलापट्ट का अनावरण किया गया। केन्द्रीय राज्यमंत्री वी एल वर्मा ने कहा कि बिजली घर बनने से लोगों को भरपूर बिजली मिलेगी। कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मनमोहन सरकार में घोटाले होते थे। कई मंत्री और अधिकारी जेल भी गए। जनधन योजना के तहत 53 करोड़ से ज्यादा खाते शून्य वैलैंस के खुलवाये। किसान सम्मान निधि, पेंशन योजना, व अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की धनराशि सीधे डीवीटी के माध्यम से एक बटन के क्लक से खाते में चली जाती है। एक भी पैसा कम नहीं पहुंचता है। इस योजना से बिचौलिये और दलाल परेशान हुए हैं। नेत्रहीनों को मदद दी जा रही है। अब तक तीन नेत्रहीन आईएएस भी बन गए हैं। जिले में ऐसा कोई हो तो उसको भी सरकार पढ़ाई करायेगी। दिव्यांगों के लिए मेडिकल कॉलेज में केंद्र खोला जा रहा है । जहां उनके उपकरण उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने घोषणा की कि दातागंज क्षेत्र में दिव्यांगों के लिए एक वृहद कैंप लगाया जाएगा। इसकी तारीख व स्थान विधायक तय करेंगे। विधायक राजीव कुमार सिंह ने कहा कि बिजली उपकेन्द्र के बन जाने से किसानों के साथ साथ सभी को लाभ मिलेगा ।अब ओवरलोड, ट्रिपिंग की समस्या खत्म हो जायेगी। सात साल में काफी विकास करा चुके हैं। महिला पीएसी, बिजली घर, एचपीसीएल गैस प्लांट, स्थापित हो चुका है । जल्द रिलायंस भी समरेर क्षेत्र में गैस प्लांट की फैक्ट्री लगायेगी। सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, विधायक बिल्सी हरीश शाक्य ने कहा कि गरीब शोषित, दलित एवं दिव्यांगों के कल्याण के लिए सरकार योजना चला रही है। यहां के विधायक लखनऊ में विकास के लिए लड़ाई लड़ते रहते हैं।



सैजनी में विद्युत उपकेन्द्र के स्थान का पूजन करते केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा।

### कार्यक्रम में ये रहे शामिल

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता, विघुत विभाग के मुख्य अभियंता इं प्रमोद कुमार, अधीक्षण अभियंता इं. ज्ञानेन्द्र सिंह, अधीक्षण अभियंता अखिलेश कुमार, एसडीएम धर्मेन्द्र कुमार सिंह, सीओ के के तिवारी, शक्ति सिंह ,कोतवाल अरिहन्त सिद्धार्थ, उसावां थानाध्यक्ष वीर पाल सिंह, नगर पालिका दातागंज के चेयरमैन नैना गुप्ता के पति अनूप गुप्ता, डीसीडीएफ के चेयरमैन रविंद्र पाल सिंह,अग्रवीर गुजर, दिनेश सिंह, सुभाष मैथिल, राजेश मैथिल, हेमचन्द्र गौतम, आईटी के जिला संयोजक देवेश तोमर, शैलेन्द्र सिंह, रवि प्रताप सिंह, राजीव तोमर, पन्ना लाल, भावेश कुमार सिंह, अंशुल सागर, धीरज सक्सेना आदि मौजूद रहे ।

## एक नजर

### खेत पर लगे ब्लेड तार से कटी गाय की गर्दन, मौत

**बदायूं,अमृत विचार :** कस्बा सहसवान के मोहल्ला मोहद्दीनपुर स्थित पुल के बराबर खेत स्वामी द्वारा खेत के चारों ओर ब्लेड वाले तार लगा रखे हैं। रात के समय नील गाय ने उस खेत में घुसने की कोशिश की। जिससे उसकी गर्दन कट गई। और मौके पर ही मौत हो गई। सुबह के समय कुछ लोग खेतों की तरफ गए तो उन्होंने देखा कि एक नीलगाय की गर्दन कटी हुई वहां पड़ी है। वहीं बराबर में एक खेत पर ब्लेड वाले तारों से तारकाशी की गई थी। उन तारों पर नीलगाय का खून लगा हुआ था। इससे कयास लगाए जा रहे थे कि इन तारों में उलझ कर नीलगाय की गर्दन कट जाने से मौत हो गई। इसकी सूचना लोगों ने कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मृतक नीलगाय का पीएम करा कर गड्ढे दफन कर दिया।

### बैलगाड़ी को लेकर दो पक्षों में चले लाठी-डंडे

**एटा,अमृत विचार :** जैथरा थाना क्षेत्र के नगला सपडिन निवासी जयसिंह शाक्य और नगला तंज के दूसरे पक्ष के बीच शनिवार को बैलगाड़ी को हटाने को लेकर विवाद हो गया। कहासुनी के बाद जमकर लाठी-डंडे चले। घटनास्थल पर कई लोग जुट गए और झड़प का दृश्य देखकर सभी दंग रह गए। जैथरा पुलिस की कार्यशैली पर क्षेत्र के निवासियों ने सवाल उठाए हैं। लोग इस बात से चिंतित हैं कि क्षेत्र में रोजाना हो रही मारपीट की घटनाओं के बावजूद पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। लोगों का यह भी कहना है कि यदि पुलिस समय पर कार्रवाई करती, तो शायद विवाद इतना नहीं बढ़ता। इस मामले में अलीगंज के सीओ शशांक शेखर ने कहा कि पहले उन्हें इस घटना की जानकारी नहीं थी, लेकिन अब मामला उनके संज्ञान में आया है। जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# सड़क हादसे में घायल युवक ने उपचार के दौरान तोड़ा दम

**इस्लामनगर/रुदायन, अमृत विचार :** सड़क हादसे में घायल हुए युवक की दिल्ली के अस्पताल में इलाज के दौरान दूसरे दिन मौत हो गई। शुक्रवार को राजपुर रुदायन मार्ग पर तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई थी। इसमें वह घायल हो गया था। उघैती थाना क्षेत्र के ईखखेड़ा गांव निवासी तीन दोस्त शिवम वशिष्ट (30) पुत्र लोकेश बाबू और अमित कश्यप पुत्र मदनलाल कश्यप और शिवम उपाध्याय पुत्र गोपाल बाल कटवाने के लिए बाइक से कस्बा रुदायन जा रहे थे। इस्लामनगर थाना क्षेत्र के रुदायन-राजपुर मार्ग पर तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। हादसे में शिवम उपाध्याय की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि इनके दो साथी घायल हो गए थे। पुलिस ने दोनों घायलों को सीएचसी रुदायन भिजवाया। यहां से चिकित्सक ने घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। शिवम वशिष्ट के परिजनों ने शुक्रवार रात को ही उसे दिल्ली के अस्पताल में भर्ती करा दिया था। शनिवार सुबह शिवम वशिष्ट की मौत हो गई। मौत से परिवार में कोहराम मचा है। तीसरे घायल अमित कश्यप पुत्र मदनलाल कश्यप का बरेली के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। वह उनकी स्थिति ठीक बताई जा रही है।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की जान गई, एक घायल

संवाददाता, दातागंज

- समरेर की साप्ताहिक बाजार जाते समय हुआ सड़क हादसा

**अमृत विचार :** कस्बा दातागंज में बरेली मार्ग स्थित गांव भटौली पर धर्मकांटे के पास ट्रक ने बाइक सवार के टक्कर मार दी। बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई, जबकि बाइक पर बैठा दूसरा युवक घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस पहुंची। दोनों युवकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। यहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। घायल को हायर सेंटर रेफर किया है।

दातागंज कोतवाली क्षेत्र के गांव बसेला निवासी वेदराम पुत्र नौबत सिंह ने एक सप्ताह पहले नई बाइक खरीदी थी। वह अपनी नई बाइक से कप्तान पुत्र रोशन के साथ घर का सामान खरीदने के लिए समरेर में लगने वाली साप्ताहिक बाजार जा रहे थे। रास्ते में गांव भटौली स्थित धर्मकांटा के पास पहुंचे। पीछे से तेज रफ्तार से आए ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। वेदराम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कप्तान गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने समरेर पर ट्रक को मय चालक पकड़ लिया और घटनास्थल पर पहुंची। वेदराम और कप्तान को दातागंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। यहां चिकित्सक ने वेदराम की मौत की पुष्टि कर दी। कप्तान को रेफर कर दिया। सूचना मिलने पर दोनों के परिजन पहुंचे। कप्तान को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### किशोरी को कार ने मारी टक्कर

**बदायूं, अमृत विचार :** उसहैत थाना क्षेत्र के गांव कमलैया नगला निवासी रामवती अपनी बेटी सुमित्रा (12) के साथ 28 अक्टूबर को मजदूरी करके लौट रही थीं। रास्ते में वह घूर के पास सड़क किनारे बैठी थीं। इसी दौरान तेज रफ्तार से आई कार ने दोनों मां-बेटी को टक्कर मार दी। हादसे में वह दोनों गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे परिजन दोनों को जिला अस्पताल लाए। हालत नाजुक होने पर चिकित्सक ने राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान शनिवार को सुमित्रा ने दम तोड़ दिया। परिजनों की सूचना पर पुलिस पहुंची। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। ग्रामीणों के अनुसार रामवती के पति की मौत भी लगभग 10 साल पहले सड़क हादसे में हुई थी।

# पूर्व सभासद नन्हें लाल कश्यप का निधन

**बदायूं, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद के पूर्व सभासद व आर्य समाज के पूर्व प्रधान नन्हें लाल कश्यप का निधन हो गया। वह अपने वार्ड से तीन बार सभासद रह चुके हैं। वह कई दिनों से बीमार चल रहे थे। शनिवार को उनकी तबीयत अचानक खराब हो गई। परिजन उन्हें बरेली ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में दोपहर लगभग चार बजे उन्होंने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर लोग उनके आवास पर पहुंचे। पीड़ित परिवार को सांत्वना दी। कहा कि पूर्व सभासद बहुत मिलनसार थे। सभी के सुख दुख में शामिल होते थे। उनके बेटे अधिवक्ता पुनीत कुमार कश्यप ने बताया कि रविवार सुबह 10 बजे कछला स्थित गंगा घाट पर अंतिम संस्कार किया जाएगा।



नन्हें लाल कश्यप।

# मैजिक से कुचल कर महिला की मौत, पति-बच्चे घायल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- वजीरगंज क्षेत्र में बगरैन मोड़ पर दो बाइकों की भिड़ंत में सड़क पर गिरी थी महिला
- हादसे में एक अन्य व्यक्ति भी हुआ घायल, मौके पर पहुंची पुलिस ने भिजवया अस्पताल

**अमृत विचार :** थाना वजीरगंज क्षेत्र में बगरैन मोड़ पर दो बाइकों की भिड़ंत हो गई। दोनों बाइक सवार सड़क पर जा गिरे। बदायूं की ओर से तेज रफ्तार से आई मैजिक ने सड़क पर गिरी महिला का कुचल दिया। महिला की मौके पर मौत हो गई, जबकि महिला का पति, दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हा गए। हादसे की सूचना पर पुलिस और उनके परिजन पहुंचे। परिजनों में चीत्कार मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।



मृतक पूजा।

संभल जिले के थाना बहजोई क्षेत्र के गांव मनौना निवासी अनिल कुमार बाइक से अपनी ससुराल थाना वजीरगंज क्षेत्र के गांव उरैना आए थे। शनिवार शाम वह अपनी पत्नी पूजा, तीन बच्चे ऋतिक, कार्तिक के साथ वापस लौट रहे थे। बगरैन मोड़ पर तेज रफ्तार से आई दूसरी बाइक से उनकी बाइक की भिड़ंत हो गई। पूजा और उनके दोनों बच्चे सड़क पर जा गिरे। इसी दौरान बदायूं की ओर से तेज रफ्तार से आई मैजिक ने पूजा को कुचल दिया। चालक मय मैजिक भाग गया। वहीं हादसे में गांव सहवर खेड़ा निवासी हीरालाल भी गंभीर रूप से घायल हो गए। वह बाल कटवाने के लिए कस्बा सैदपुर जा रहे थे। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंचे। एंबुलेंस से अनिल कुमार, पूजा, ऋतिक और कार्तिक, हीरालाल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां चिकित्सक ने पूजा की मौत घोषित कर दी। वहीं हीरालाल को जिला अस्पताल रेफर किया गया। सूचना मिलने पर अनिल कुमार के ससुरालीजन पहुंचे। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### कार ने पीछे से मारी टक्कर, महिला की जान गई

**बदायूं, अमृत विचार :** बदायूं-मेरठ राजमार्ग पर कार ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में तीन लोग घायल हो गए। घायलों को दहगवां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने तीनों को राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। यहां बाइक सवार एक महिला की मौत हो गई। सहसवान कोतवाली क्षेत्र के गांव कादराबाद निवासी मुनीश अपनी पत्नी कैला देवी व बच्चे के साथ बाइक से जरीफनगर क्षेत्र से वापस अपने गांव लौट रहे थे। बदायूं-मेरठ राजमार्ग पर जरीफनगर थाना क्षेत्र के गांव रदनौल अजीजपुर के पास पीछे से कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में कैला देवी व उनका बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को दहगवां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भेजा। हालत नाजुक होने पर राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजा। लेकिन रास्ते में कैला देवी ने दम तोड़ दिया। राजकीय मेडिकल कॉलेज में चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

### ट्रैक्टर की टक्कर से घायल युवक ने तोड़ा दम

**बदायूं, अमृत विचार :** थाना हजरतपुर क्षेत्र के गांव घौसगंज बघौरा निवासी राममूर्ति (52) पुत्र लाखन सिंह 29 अक्टूबर को अपने भतीजे थाना उसावां क्षेत्र के कस्बा निवासी सतीश के निर्माणाधीन मकान का लिंटर डलवाकर बाइक से वापस लौट रहे थे। रास्ते में गांव सेंटा डांडी और घौसगंज बघौरा के बीच एक ट्रैक्टर से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। बाइक सवार राममूर्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। घायल राममूर्ति को राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गए। हालत गंभीर होने पर बरेली उन्हें रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

# पुलिस चौकी के पास मिले युवक ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

**बदायूं, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला सराय कोना निवासी युवक लापता हो गया था। परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। वहीं पुलिस को 26 अक्टूबर एक युवक बेसुध मिला था। इलाज के दौरान जिला अस्पताल में उसकी मौत हो गई। वह शव लापता युवक का निकला।

सदर कोतवाली क्षेत्र के सराय कोना के पुराना बाजार निवासी इन्तियाज (42) पुत्र गफूर 26 अक्टूबर की शाम टहलने के लिए घर से निकले थे। वह देर रात तक घर नहीं पहुंचे। परिजनों ने आसपास के अलावा रिश्तेदारी में भी तलाश किया, लेकिन कहीं पता नहीं चल सका। वहीं इसी शाम सिविल लाइन की जवाहरपुरी पुलिस चौकी के पीछे एक युवक बेसुध हालत में मिला। मोहल्ले के लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां इलाज के दौरान शुक्रवार को युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया। यहां परिजनों ने इन्तियाज के रूप में शिनाख्त की।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404
Applications are invited for Admission to Ph.D. Programmes January 2025 session in the following disciplines
- Faculty of Medical Sciences (All Clinical and Non-Clinical Specialities)
- Faculty of Nursing M.Sc. (N) with 3 years teaching or clinical experience
- Faculty of Dental Sciences (All Specilities)
- Humanities and Journalism English
- Faculty of Pharmacy
- Faculty of Management
Last Date of Receiving Application : 30th November, 2024
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee, visit univeristy website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल- बरेली
14 नवम्बर 2024 बाल दिवस के उपलक्ष मे
FREE ओ. पी. डी. परामर्श
बच्चों में सभी हड्डी व रीढ की समस्याओं के नि:शुल्क परामर्श के लिए मिलें
मुंबई के वरिष्ठ बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा नि:शुल्क परामर्श
दिनांक :-13 - 14 - 15 नवम्बर 2024
समय :- सुबह 9 से 4 बजे तक
स्थान :- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, हड्डी रोग विभाग कमरा नंबर - 1084
डॉ. वरुण अग्रवाल रीढ़ एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. तुषार अग्रवाल बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ, मुंबई
रजिस्ट्रेशन के लिए कॉल करें - 9081800900 , 8006460900
Address: Department of Orthopedic (Room No-1084) Rohilkhand Medical College & Hospital Pilibhit Bypass Road, Bareilly

# दो पक्षों में चले लाठी-डंडे और पत्थर, नौ लोग घायल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- शुक्रवार को थाना मुजरिया क्षेत्र के गांव चतुरी नगला में दो पक्षों में हुआ था विवाद

**अमृत विचार :** शराब पीकर आए युवक के गाली देने की वजह से थाना मुजरिया क्षेत्र के गांव चतुरी नगला में दो पक्ष आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले। पत्थरबाजी हुई। गांव में अफरा-तफरी मच गई। दोनों पक्ष के नौ लोग घायल हो गए। उनके अलावा एक अन्य युवक भी चोटिल हो गया। पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण कराकर जांच शुरू कर दी है।

गांव चतुरी नगला के ग्रामीणो के अनुसार जागन पुत्र राम सिंह के परिवार का एक युवक शुक्रवार को शराब पीकर पड़ोसियों को गाली दे रहा था। पड़ोस में रहने वाले उमेश ने गाली देने का विरोध किया। आरोप है कि युवक उनके साथ भी अभद्रता करने लगा। उसके परिजनों ने पत्थर फेंकने शुरू कर दिए। उमेश के परिवार के लोग भी बाहर आ गए। दोनों पक्ष में मारपीट होने लगी। जिसमें एक पक्ष के जागन, सूरजपाल, नेत्रपाल सहित चार लोग और दूसरे पक्ष के उमेश, पंकज, भानु, राजबाला घायल हो गए। पंकज और राजबाला का सिर फट गया। पत्थरबाजी कर रहे दोनों पक्ष को बचाने पहुंचे निर्दोष कुमार भी चोटिल हो गए। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों पक्ष के घायलों को अस्पताल भेजा। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि दो पक्ष में विवाद हुआ था। घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जल्द आ सकती है परीक्षा केंद्रों की अनंतिम सूची

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- ऑनलाइन जारी की जाएगी परीक्षा केंद्रों की सूची
- पिछले माह स्कूलों की जांच कर भेजी गई थी रिपोर्ट

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड हाईस्कूल इंटरमीडिएट परीक्षा आगामी फरवरी माह में प्रस्तावित है। परीक्षा केंद्रों के निर्धारण की तैयारी चल रही है। जिला स्तर से स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं का सत्यापन करने के बाद रिपोर्ट माध्यमिक शिक्षा परिषद को भेजी जा चुकी है।

विभागीय अधिकारी इसी सप्ताह परीक्षा केंद्र निर्धारण की अनंतिम सूची जारी कर सकते है। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. प्रवेश कुमार ने बताया कि सोमवार को अनन्तिम परीक्षा केंद्रों की सूची जारी हो सकती है। जिसे जिलाधिकारी की ओर से गठित तहसील स्तरीय समिति की ओर से सत्यापित विद्यालयों की आधारभूत सूचनाओं के आधार पर ऑनलाइन के माध्यम से चयनित परीक्षा केंद्रों की सूची सार्वजनिक की जाएगी। इसके बाद स्कूलों के प्रधानाचार्य और प्रबंधक की ओर से आपत्ति मांगी जाएगी। बताया कि उन आपत्तियों का निस्तारण करते हुए केंद्रों की सूची 11 नवंबर तक बोर्ड की वेबसाइट पर अपडेट की जाएगी। बोर्ड की ओर से केंद्रों की सूची 15 नवंबर तक अपलोड होगी। इस पर 20 नवंबर तक आपत्ति ली जाएगी और उसका निराकरण करते हुए 28 नवंबर को अंतिम सूची जारी कर दी जाएगी। विदित रहे कि जिले में संचालित 304 माध्यमिक स्कूलों में हाई स्कूल इंटरमीडिएट के 67847 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया है। जिसमें हाई स्कूल के 35834 और इंटरमीडिएट के 32013 विद्यार्थी पंजीकृत हैं।

# बच्ची को सैलून में बुलाकर दूसरे समुदाय के युवक ने की छेड़छाड़

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- मोहल्ला हकीमगंज का रहने वाला है आरोपी, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र में आठ साल की बच्ची के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। दवा लेकर अपने घर लौट रही बच्ची को शाहिद नाम के युवक ने अपने सैलून में बुलाया और छेड़छाड़ की। पीड़िता के पिता ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट और छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज की है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार शाम लगभग साढ़े सात बजे उसकी आठ साल की बेटी अपनी चाची के साथ पास की दुकान पर गई थी। चाची बाजार में रुक गई। बच्ची को दवा देकर वापस घर भेज दिया था। बच्ची को रास्ते में एक सैलून पर काम करने वाले मोहल्ला हकीमगंज निवासी शाहिद ने रोक लिया और बहला-फुसलाकर अपनी दुकान में ले गया। यहां उसके साथ छेड़छाड़ की। बेटी किसी तरह उससे बचकर घर पहुंची और परिजनों को घटना के बारे में बताया। इसके बाद बच्ची के पिता संबंधित सैलून पर पहुंचे तब तक आरोपी भाग गया था।

वह सदर कोतवाली पहुंचे और तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। सदर कोतवाल राकेश कुमार सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की गई। आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# आतिशबाजी के बाद बढ़ा एक्यूआई, सांस के मरीजों को हुई परेशानी

**एटा,अमृत विचार :** दिवाली पर हुई आतिशबाजी के बाद बिगड़ा एक्यूआई (वायु गुणवत्ता सूचकांक) सुधर नहीं रहा। शनिवार को भी यह 200 से ऊपर रहा। इसके चलते लोगों ने आंखों में जलन महसूस की। सांस के रोगियों को बड़ी दिक्कत हुई। 24 घंटे में मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में 14 सांस के रोगी भर्ती किए गए। शुक्रवार दोपहर एक्यूआई कुछ कम जरूर हुआ था, लेकिन शाम के समय फिर बढ़ गया। रोगियों को सर्वाधिक दिक्कत रही। मेडिकल कॉलेज के नेत्र विभाग में शनिवार को 90 मरीज उपचार के लिए पहुंचे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

आवश्यकता है
पॉली क्लीनिक पर कार्य हेतु कम्पाउण्डर की आवश्यकता है
डा. जमील अहमद सिद्दीकी पॉली क्लीनिक
जौहरपुर, सी.बी. गंज
7078954660

आवश्यकता है
अनुभवी M/F अकाउंटेंट की जिसको Tally, Busy, Accounting Software और GST, Income Tax की पूर्ण जानकारी हो
सम्पर्क करें
9759129666, 9412066775
mail id : ysaxena0076@gmail.com

सूचना
सूचित हो कि हमारे नाम पर 1247 वर्गगज भूमि जो कि 383 नंबर निकट छावनी अशरफ खां बांके परगना तह. व जिला बरेली में स्थित है जिसके मूल रजिस्ट्री दस्तावेज जो बरेली रजिस्ट्री दफ्तर में वही नं0 1 जिल्द 2259 के पृष्ठ 15 से 19 में नं. 1435 पर दि. 02.03.1982 को पंजीकृत है जोकि कचहरी बरेली जाते समय वास्तव में कहीं खा गए है। इसका प्रयोग अवैध होगा। अगर किसी व्यक्ति को मूल बैनामा मिलता है तो इस पते देने की कृपा करें।उक्त व्यक्ति को उचित ईनाम दिया जायेगा। योगेश चंद्र व गिरीश चंद्र निवासी 129-डी, सिविल लाइंस, बरेली।

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## जिले में आज

- भगवान चित्र गुप्त का पूजन दुर्गाकालोनी में सुबह दस बजे से।
- यातायात जागरुकता अभियान सुबह दस बजे से।
- भगवान वराह घाट पर महाआरती शाम छह बजे से।
- मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरुकता कार्यक्रम सुबह दस बजे से।

## एक नजर

### महिलाओ को किया गया जागरूक

**कासगंज, अमृत विचार :** मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को कानून और प्रावधानों की जानकारी दी जा रही है। साइबर हिंसा, प्रेम संबंधों में घर से पलायन सहित अन्य मामलों में विधिक जानकारी दी जा रही है। शनिवार को महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया गया। रेलवे स्टेशन पर विशेष अभियान चलाया गया।

### दो जुआरी गिरफ्तार

**कासगंज, अमृत विचार :** एसपी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत सिढपुरा थाना प्रभारी राधेश्याम ने क्षेत्र के ही एक गांव से जुआ खेलते चिंटू और नेत्रपाल को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 5400 रुपये व गड्डी बरामद की। पूछताछ के बाद पुलिस अग्रिम विधिक कार्रवाई कर रही है।

# घरों और मंदिरों में हुई गोवर्धन महाराज की पूजा, मांगी मनौती

## गोबर से बनाईं आकृति, विधि-विधान पूर्वक की गई आराधना, मंदिरों में वितरित किया गया अन्नकूट का प्रसाद


प्रभु पार्क में बनाई गई गोवर्धन महाराज की विशाल आकृति की परिक्रमा करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार


मोहल्ला नवाब में स्याहू माता की पूजा करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### महिलाओं ने माता स्याऊ की पूजा की

शनिवार की सुबह गोवर्धन पूजा से पूर्व तारों की छांव में महिलाओं ने घर के दरवाजे पर गोबर से स्याऊ बनाकर सामूहिक रूप से स्याहू भगवान की पूजा की और परिवार के कल्याण की मनौती मांगी। बच्चों ने पटाखे भी जलाए।


कस्बा गंजडुंडवारा के घर में बनाई गई भगवान गोवर्धन की आकृति।

### कस्बों में भी मनाया गया गोवर्धन पर्व

कस्बाई क्षेत्रों में भी गोवर्धन पर्व मनाया गया। कस्बा अमांपुर, बिलराम, सोरों, सहावर, गंजडुंडवारा, पटियाली, दरियावगंज और मोहनपुर में भी पर्व पर घरों में गोवर्धन महाराज के प्रतीक बनाए गए। महिला और पुरुषों ने पूजा की। गोवर्धन महाराज की परिक्रमा लगाई।

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** पांच दिवसीय दीपावली महोत्सव के चौथे दिन घरों में महिलाओं ने गोबर से गोवर्धन महाराज की आकृति बना पूजा अर्चना की। मंदिरों भी गोवर्धन की आकृति बनाई गई, जहां श्रद्धालुओं ने उनकी परिक्रमा कर मनौती मांगी। मंदिरों में अन्नकूट का प्रसाद वितरण किया गया। चामुंडा एवं मनकामेश्वर मंदिर पर गोवर्धन की विशाल आकृतियां तैयार की गई।

शनिवार को घरों में गाय के गोबर से घर के आंगन में गोवर्धन महाराज की आकृति को बनाया। घर की महिलाओं ने विधि-विधान पूर्वक उनकी पूजा अर्चना की। घर


गोवर्धन महाराज की आकृति बनाती बच्ची।

के सभी सदस्यों ने आकृति की परिक्रमा लगा परिवार के कल्याण की कामना की। शहर के माता चामुंडा देवी मंदिर एवं प्रभु पार्क में मनकामेश्वर महादेव भगवान के मंदिर पर गोवर्धन महाराज की

### सब्जी लेने के लिए मंडी में उमड़ी भीड़

गोवर्धन महाराज की पूजा में अन्नकूट के प्रसाद का विधान है। सुबह से ही बारहद्वारी एवं गांधी मूर्ति स्थित सब्जी मंडी पर सब्जियों की दुकानें सजी थीं, जिन पर 50 से 60 किस्म की सब्जियां थी। सब्जियों को खरीदने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी।

विशाल आकृति बनाई गई। इन आकृतियों को विभिन्न रंगों से सजाकर आकर्षक बनाया गया। शहर के संतोषी मां मंदिर, पथवारी मंदिर, बालाजी मंदिर, चामुंडा मंदिर, मनकामेश्वर मंदिर, काली मंदिर, राधाकृष्ण मंदिर और प्राचीन हनुमान मंदिर अन्नकूट का प्रसाद बांटा गया।


शहर के बारहद्वारी पर अन्नकूट प्रसाद के लिए सब्जियां खरीदते लोग। ● अमृत विचार


शहर में स्याहू की पूजा करती महिलाएं ● अमृत विचार

# घर-घर पूजे गए गोवर्धन महाराज, बांटा प्रसाद


सोरोंजी में रामलोटा मठ के समीप अन्नकूट का प्रसाद बांटते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृम विचार:** तीर्थंनगरी में शनिवार को घर-घर गोवर्धन महाराज की पूजा अर्चना कर अन्नकूट का भोग लगाकर प्रसाद बांटा गया। महिला श्रद्धालुओं ने सुबह गंगा स्नान के बाद अपने घरों के आंगन में गाय के गोबर से गोवर्धन महाराज की सुंदर आकृति बनाकर सजाई, पूड़ी पकवान व अन्नकूट बनाकर भोग लगाया। अन्नकूट का प्रसाद बांटकर गोवर्धन महाराज के जयकारे लगाए। वराह मंदिर के प्रांगण में भी गोवर्धन महाराज की आकृति सजाकर 56 भोग लगाया गया आरती उतारी गई। तीर्थंनगरी की वराह गोशाला व कान्हा गोशाला में सजावट कर श्रद्धालुओ नें गोवंश की पूजा अर्चना की व उन्हें मीठी पूड़ियां खिलाई। तीर्थंनगरी के वराह मंदिर, श्याम वराह मंदिर, कटरेश्वर मंदिर, प्राचीन रामलोटा मठ के बाहर श्रद्धालुओं ने अन्नकूट प्रसाद बनवाकर श्रद्धालुओं को बांटा।

# विधायक ने किया सड़क निर्माण का निरीक्षण

**कासगंज, अमृत विचार:** अमांपुर-कासगंज मार्ग पर सड़क का नव निर्माण कार्य कराया जा रहा है। शनिवार को विधायक हरिओम वर्मा ने सड़क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधायक हरिओम वर्मा ने सड़क की गुणवत्ता की जांच कर सड़क में लगाई जा रही सामग्री की जांच की। करीब 17 मीटर लंबी सड़क का निर्माण किया जाना हैं। इस दौरान विधायक ने संबंधित अधिकारियों व ठेकेदार को निर्माण कार्य में गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार क्षेत्रीय विकास के लिए प्रयत्नशील है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता से किसी भी सूरत में समझौता बर्दाश्त नहीं होगा। वह समय समय पर सड़क की गुणवत्ता का निरिक्षण करते रहेंगे। लम्बे समय से क्षेत्रीय लोग इस सड़क निर्माण कार्य की मांग कर रहे थे।

# भैयादूज पर्व आज, भाइयों ने बहनों के लिए खरीदे उपहार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- भाई के माथे पर तिलक कर दीर्घायु की कामना करेंगी बहनें

**अमृत विचार :** बहन भाई के अटूट प्यार का पर्व भैयादूज आज रविवार को मनाया जाएगा। पर्व को लेकर घर-घर तैयारियां हुई। बहनें भाई के माथे पर तिलक कर दीर्घायु की कामना करेंगी तो भाई बहनों को उनकी रक्षा का वचन देगा। शनिवार को भाइयों ने बहनों के लिए उपहार खरीदे।

भैयादूज के साथ ही पांच दिवसीय दीपावली पर्व संपन्न होगा। भैयादूज को लेकर बहन और भाइयों में उत्साह दिखाई दिया। शनिवार को सुबह से ही बाजारों में भीड़भाड़ रही। बहनों ने भाइयों के लिए भेंट करने को गोला एवं मिठाई खरीदी तो भाइयों ने बहनों को देने के लिए उपहार खरीदे। मिष्ठान एवं उपहार विक्रेताओं के यहां भीड़ दिखाई दी। तमाम भाई बहनों के यहां जाने के लिए बुधवार को ही रवाना हो गए तो बहनें भी भाइयों के घर पहुंची हैं। पंडित राधा बिहारी का कहना है कि कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाया जाता है।

इसे यम द्वितीया भी कहा जाता है। भाइयों को यम की फांस से बचाने के लिए बहन भाई का साथ साथ यमुना स्नान शुभ माना गया है। मान्यताओं के अनुसार यमराज और यमुना आपस में बहन भाई हैं इसलिए इस पर्व पर यमुना स्नान का विशेष महत्व है।


मिष्ठान विक्रेता की दुकान पर मिठाइयां खरीदते लोग। ● अमृत विचार

### भाई को शुभासन पर बैठाकर धुलाएं हाथ पैर

- ज्योतिषाचार्य ने सुझाया उपाय बताया शुभ मुहुर्त

**सोरों जी, अमृत विचार :** प्रसिद्ध तीर्थ नगरी सोरों जी के ज्योतिषाचार्य ने विधि विधान पूर्वक पर्व मनाने की सलाह दी है और शुभ मुहुर्त बताया है। आदितीर्थ सूकरक्षेत्र धाम, सोरों जी के ज्योतिषाचार्य राहुल वाशिष्ठ ने बताया कि कार्तिक शुक्ल द्वितीया को यम का पूजन किया जाता है, इसलिये इसे यम द्वितीया कहा जाता है। इस दिन वणिक-वृत्ति वाले व्यवहार दक्ष वैश्य दवात का पूजन करते हैं, इस कारण इसे कलमदान पूजा भी कहते हैं। इस दिन भाई बहन के घर भोजन करते हैं। हेमाद्रि के वचन से यह मध्याह्नव्यापिनी व स्कन्दपुराण के मत से अपराह्नव्यापिनी अधिक अच्छी होती है। इस दिन भाई को शुभासन पर बैठाकर उसके हाथ-पैर धुलाएं। गंधादि से उसका पूजन करे व उत्तम पदार्थों का भोजन कराए। यमद्वितीया को यमुना के किनारे पर बहन के हाथ का बनाया हुआ भोजन करें तो उससे भाई की आयु वृद्धि और बहन के सौभाग्य की रक्षा होती है। मध्याह्न 11 :17 से अपराह्न 04 :05 तक का समय अत्यंत शुभ है। बताया कि भगवान सूर्य ने सत्तरह हजार वर्ष तक सूकरक्षेत्र धाम सोरों जी के वैवस्वततीर्थ में तपस्या की थी तत्पश्चात भगवान वराह के मुख से आदिगीता का श्रवण किया, जिसके फलस्वरूप भगवान सूर्य को यम और यमुना नामक दो संतानें प्राप्त हुई थीं।

# पांच बच्चों की मां से मिलने पहुंचे प्रेमी की पिटाई

**स्वार (रामपुर), अमृत विचार :** पांच बच्चों की मां से मिलने उसके घर पहुंचे प्रेमी को प्रेमिका के परिजनों ने पकड़ लिया। इसके बाद उसकी जमकर धुनाई की और फिर पुलिस को सौंप दिया। युवक के पिता ने आश्वासन दिया कि घर बेचकर कहीं और चले जाएंगे। इस पर समझौता हो गया। पुलिस ने युवक का शांति भंग में चालान कर दिया है।

नगर निवासी एक युवक का मोहल्ले की ही पांच बच्चों की मां से लगभग 8 वर्ष से प्रेम-प्रसंग चल रहा है। महिला के बच्चे भी जवान हो गए। शनिवार की सुबह प्रेमी मिका से मिलने उसके घर पहुंच गया। महिला के परिजनों ने उसकी धुनाई की और फिर पुलिस को सौंप दिया। युवक के खिलाफ नामजद तहरीर दी। इसके बाद दोनों पक्षों के लोग कोतवाली पहुंच गए। करीब 3 घंटे की मशक्कत के बाद युवक के पिता ने महिला के परिजनों को आश्वासन दिया कि वह अपना घर बेचकर चला जाएगा।

# यातायात नियमों के उल्लंघन पर 106 वाहनों का चालान

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- यातायात माह: पंपलेट वितरित कर किया जागरूक

**अमृत विचार :** शनिवार को यातायात नियमों का उल्लंघन करना वाहन चालकों को महंगा साबित हुआ। यातायात प्रभारी के नेतृत्व में चलाए गए चेकिंग अभियान में 106 वाहनों के चालान किए गए है और उन का ऑनलाइन चालान काटा गया। साथ ही कड़ी हिदायत भी दी गई है।

यातायात प्रभारी लक्ष्मण सिंह ने कहा कि यातायात के नियमों का पालन करने से सुरक्षा होती है। यह चालक के जीवन के लिए बेहद जरूरी है। हम सुरक्षित चलें और सुरक्षित घर पहुंचे। हादसों में प्राय नियमों की अनदेखी से जानें चली जातीहैं। उन्होंने कहा कि यातायात को व्यवस्थित करना मात्र पुलिस का कार्य नहीं है, यह सभी की जिम्मेदारी है। सही यातायात व्यवस्था आपके जीवन को ज्यादा सुरक्षित करने के लिए जरूरी है। इसके लिए हमें और आपको मिलकर यह निर्णय लेना है कि हम यातायात के नियमों का पालन करेंगें, जिससे हम और हमसे जुड़ा परिवार सुरक्षित रहे। उन्होंने ने अभिभावकों से अपील की, कि अपने छोटे बच्चों को बाइक न चलाने दें। युवाओं को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करें। प्रधानाचार्य अपने कॉलेजों में बाइक स्कूटी से आने वाले बच्चों को हेलमेट पहनने के लिए सख्ती करें। बाइक पर तीन सवारी न बैठाई जाए।


बाइक सवार को यातायात के नियमों की जानकारी देते टीएसआई लक्ष्मण सिंह।

# सपाइयों ने जलाया एक दीया नेता जी के नाम

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मन सिंह यादव ने दीपावली के पर्व पर पूर्व मुख्यमंत्री व रक्षामंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के नाम का दिया जला उन्हें याद किया।

इस दौरान हुई सभा में उन्होंने कहा कि गरीब, मजदूर, किसान व जवान सभी के मसीहा श्रद्धेय नेता जी के विचार आज भी हम सभी के बीच प्रकाश मान हैं। जिला उपाध्यक्ष ने परिवार और ग्रामीणों के साथ नेता जी के चित्र के सामने दीपक जला कर उन्हें याद करके दीपावली का त्योहार मनाया । इस अवसर पर आशीष यादव, प्रशांत यादव, गुरुमीत यादव, मुनीश यादव, सुरेश , सुनील समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।


दीया जलाते सपा नेता लक्ष्मण सिंह व अन्य।

# भैया दूज पर रोडवेज बसें लगाएंगी अतिरिक्त फेरे

- व्यवस्था बनाना रोडवेज के लिए होगा बड़ी चुनौती
- 78 बसों में से कई बसों में कल पुर्जों की कमी


रोडवेज बस स्टैंड पर खड़े यात्री। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** परिवहन निगम ने भैया दूज के त्योहार पर यात्रियों को भीड़ से बचाने के लिए बसों के अतिरिक्त चक्कर लगाने का निर्णय लिया है। बेहतर प्रदर्शन करने वाले चालक परिचालक और कर्मचारियों को इनाम भी दिया जाएगा। भीड़ को देखकर रेलवे स्टेशन पर सतर्कता बढ़ा दी गई है।

पर्व पर उत्तर प्रदेश परिवहन निगम ने रोडवेज के चालक-परिचालकों के लिए विशेष प्रोत्साहन योजना लागू की है। भैयादूज पर यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं तो बसों की फेरे भी बढ़ाए गए हैं और कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। दिल्ली एनसीआर के अलावा आगरा और दूरस्थ जिलों से तमाम यात्रियों के अलावा बहने मायके आती हैं। रोडवेज ने इंतजाम तो पर्याप्त किए हैं लेकिन कहीं ना कहीं चुनौती का सामना भी करना पड़ेगा। कासगंज रोडवेज में 78 बसों का काफिला है। जिनमें से कलपुर्जों की कमी के चलते कई बसें वर्कशॉप में ही खड़ी हैं। पर्व को देखते हुए दिल्ली मार्ग पर बसों के तीन फेरे कर दिए हैं, पहले एक बस डबल फेरा लेती थी। अब एक बस तीन चक्कर लगाएगी। एक बस पर दो चालक लगाए गए हैं, एक बस छोड़ेगा और दूसरा पकड़ेगा।

> यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर पूरे इंतजाम किए गए हैं। भैया दूज को लेकर विशेष इंतजाम किए हैं। यात्रियों को कोई असुविधा न हो इसके लिए बसों के फेरे बढ़ाए जाएंगे।
> – ओमप्रकाश, एआरएम

### बस स्टैंड पर रही भीड़ भाड़

रोडवेज बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर भैया दूज पर्व से पहले मंगलवार को भीड़ रही। यहां गंतव्य तक जाने के लिए लोग जद्दोजहद कर रहे थे। रोडवेज पर बसों का अभाव भी दिखाई दिया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अख़बार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

संवाददाता, पटियाली

- तीसरे घायल को गंभीर हालत में पटियाली सीएचसी से हायर सेंटर रेफर किया
- पटियाली के गांव मझोला स्थित रिश्तेदारी में आए थे तीनों, लौट रहे थे गांव

**अमृत विचार:** पटियाली से अलीगंज मार्ग पर तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि तीसरा गंभीर घायल हो गया। उसे पटियाली सीएचसी से हायर सेंटर के लिए भेजा गया है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

एटा जनपद के थाना राजा के रामपुर के गांव किशनपुर के रहने वाले उपेंद्र(20) पुत्र सर्वेश कुमार, विकेश(30) पुत्र मगनलाल, दुर्वेश(18) पुत्र सूरजपाल शुक्रवार की दोपहर पटियाली थाना क्षेत्र के गांव मझोला अपनी रिश्तेदारी में आए हुए थे। वह शाम के सात बजे गांव जाने के लिए मझोला से निकले तभी पटियाली अलीगंज मार्ग पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उपेंद्र और विकेश की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दुर्वेश गंभीर रूप से घायल हो गया। पटियाली पुलिस ने घायल दुर्वेश को सीएचसी पर भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। दोनों के शवों का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पटियाली थाना प्रभारी गोविंद बल्लभ शर्मा ने बताया मृतकों के परिजनों की ओर से अभी कोई तैयारी प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।


पोस्टमार्टम गृह पर मौजूद परिजन। ● अमृत विचार


मृतक उपेंद्र।


मृतक विकेश।

